

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-204 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# आंध्रप्रदेश में चलती बस में आग, 20 जिंदा जले

**हैदराबाद,24 अक्टूबर।** आंध्र प्रदेश में बड़ा बस हादसा हुआ है. हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर कुरनूल में बाइक से टक्कर के बाद बस में आग लग गई. इसके बाद तो चीख-पुकार मच गई. बस में आग लगने से अब तक 20 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. अभी कई और लोगों के मारे जाने की आशंका है. बताया जा रहा है कि ये लोग बस में आग लगने के बाद बाहर नहीं निकल पाए और जिंदा जलकर उनकी मौत हो गई. फिलहाल, 20 लोगों की मौत कन्फर्म बताई जा रही है. मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है, क्योंकि बस में 40 पैसेंजर्स सवार थे. यह हादसा शुक्रवार तड़के तब हुआ, जब तेज रफ्तार बस की हैदराबाद-बेंगलुरु



हाईवे पर एक बाइक में टक्कर हो गई. इसके बाद बस में भयंकर आग लग गई. आग लगने के बाद हाहाकार मच गया. लोग आनन-फानन में निकलने की कोशिश करने लगे. मगर आग की लपेटें इतनी तेज थीं कि वे अंदर ही फंस गए. बताया जाता है कि 20 लोग बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे. अभी तक 12 लोगों की मौत कन्फर्म है. आंकड़ा और भी बढ़ सकता है. यह घटना हैदराबाद-बेंगलुरु राजमार्ग पर कुरनूल जिले के चिन्ना टेकुरु गांव की है. हादसा शुक्रवार तड़के हुआ. जिस बस में आग लगी है वह कावेरी ट्रैवल्स की प्राइवेट बस है. चश्मदीदों के मुताबिक, बाइक से टक्कर के बाद बस में भयंकर आग लगी. कुछ लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे. बाकी लोग अंदर ही छटपटाते हुए जिंदा जलकर मर गए. रात होने की वजह से समय पर मदद नहीं मिल पाई, जिसेक कारण अधिक जान-माल का नुकसान हुआ. फिलहाल, बचाव और अग्निशमन कार्य जारी है और अधिकारियों ने अभी तक मृतकों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की है. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे कुरनूल जिले के चिन्ना टेकूर गांव के पास हुए भयानक बस आग दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ. जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं. सरकारी अधिकारी घायलों और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देंगे. उन्होंने घटना की डिटेल्स जानने के लिए राज्य के चीफ सेक्रेटरी और दूसरे अधिकारियों से भी बात की है और सभी सीनियर अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर बचाव कार्यों में हिस्सा लेने का निर्देश दिया है.

# युवाओं का सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : मोदी

**नई दिल्ली,24 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 17वें रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं का सशक्तिकरण भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्सवों के बीच पक्की नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलना यानी उत्सवों का उल्लास और सफलता की डबल खुशी। ये खुशी आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को मिली है। मैं महसूस कर सकता हूं कि सभी के परिवार में कितना आनंद होगा। मैं सभी को और उनके परिवारजनों को बहुत-बहुत हमारे युवाओं की है।''

उन्होंने यह भी कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है। हम अपने युवाओं की शक्ति को देश की सबसे बड़ी संपत्ति मानते हैं। इसी विश्वास और आत्मविश्वास के साथ हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। यहां तक कि हमारी विदेश नीति भी भारत के युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। हमारे राजनयिक संबंध और वैश्विक समझौते युवाओं के प्रशिक्षण और रोजगार सृजन पर अधिकाधिक केंद्रित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अकेले रोजगार मेले के जरिए बीते कुछ समय में ही 11 लाख से ज्यादा नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं और ये प्रयास सिर्फ



बधाई देता हूं। नवनियुक्त युवाओं से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आपको सिर्फ सरकारी नियुक्ति नहीं मिली है, आपको राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है। मुझे विश्वास है कि आप इसी भावना से काम करेंगे। ईमानदारी और सुचिता के साथ आप भविष्य के भारत के लिए बेहतर व्यवस्थाएं बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।''कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के लिए 'नागरिक देवो भवः' ये मंत्र है। पीएम मोदी ने कहा, ''सेवाभाव और समर्पण भाव से हर नागरिक के जीवन में हम उपयोगी कैसे हों, ये कभी भूलना नहीं है। पिछले 11 सालों से देश विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका सरकारी नौकरियों तक ही सीमित नहीं है। हमने देश में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना भी शुरू की है। इसके तहत साढ़े 3 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। इस बार त्योहारों के इस मौसम में जीएसटी बचत उत्सव ने भी नए रंग भर दिए हैं।'' पीएम मोदी ने बताया कि भारत ने कई यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी की है, जिससे हजारों नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने निवेश को बढ़ावा देने और स्टार्टअप्स व एमएसएमई को समर्थन देने के लिए ब्राजील, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कनाडा जैसे देशों के साथ कई समझौते भी किए हैं। ये सहयोग निर्यात को मजबूत करेंगे और भारत के युवाओं के लिए विकास व अवसर के नए रास्ते खोलेंगे।''



रायपुर,24 अक्टूबर। राजधानी रायपुर में 25 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले सूर्य उपासना के पवित्र पर्व छठ पूजा  की तैयारियों को लेकर नगर निगम रायपुर ने महादेवघाट पर विशेष सफाई अभियान शुरू किया है.

# जननायक की उपाधि चुरा रही कांग्रेस: मोदी

**पटना,24 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को महागठबंधन के नेताओं द्वारा 'जननायक' बताने पर तीखा हमला बोला है और कहा कि ये हजारों करोड़ रुपये के घोटालों में जमानत पर चल रहे लोग हैं, जिनकी चोरी की आदत ऐसी है कि अब जननायक की उपाधि की चोरी करने में जुटे हैं। बता दें कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को आम तौर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम से याद किया जाता है। राहुल गांधी को कांग्रेस के नेता पदयात्रा के दौरान जननायक कहने लगे थे, जबकि बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था। पूर्व पीएम चंद्रशेखर को भी जननायक कहा जाता है और बलिया में इसी नाम से एक यूनिवर्सिटी भी है। कर्पूरी ठाकुर के जिले समस्तीपुर से बिहार चुनाव के लिए अपनी रैलियों की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वो जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रेरणा से सुशासन को समृद्धि में बदल रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ राजद और कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं और क्या कह रहे हैं, ये लोगों को पता है। उन्होंने कहा- ''ये हजारों करोड़ रुपए के घोटालों में जमानत पर चल रहे लोग हैं। जो जमानत पर हैं, वो चोरी के मामले में जमानत पर है। इनकी चोरी की आदत ऐसी है कि अब जननायक की उपाधि की चोरी करने में जुटे हैं। बिहार के लोग जननायक कर्पूरी बाबू का ये अपमान कभी नहीं सहेंगे।'' पीएम मोदी की आज बिहार में दो जनसभा है। समस्तीपुर के बाद वो पड़ोस के बेगूसराय जिले में एक रैली को संबोधित करेंगे। पीएम की जनसभा में सीएम नीतीश कुमार के अलावा केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री भी मौजूद थे।

# टीवी रिमोट छीनने पर पति ने मारा तमाचा वीडियो बनाकर नवविवाहिता ने लगा ली फांसी

**रायपुर.** राजधानी रायपुर में नवविवाहिता के आत्महत्या का मामला सामने आया है. आत्महत्या से पहले उसने रोते हुए एक वीडियो भी बनाया है. वीडियो में उसने पति और ससुराल वालों पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है. मामला डीडी नगर थाना इलाके के चंगोराभाठा का है. जानकारी के मुताबिक, मृतिका के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पति आशीष गोस्वामी और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया. पुलिस ने पूछताछ को पता चला कि मंगलवार को पति आशीष कमरे में टीवी देख रहा था, तभी मंजूषा ने उसके हाथ से रिमोट छीन लिया. इससे नाराज आशीष ने पत्नी का मोबाइल छीना और नीचे चला गया. नीचे भी दोनों के बीच बहस हुई. इसी बीच आशीष ने अपने पिता और मां के सामने उसे थप्पड़ मार दिया. इससे नाराज पत्नी मंजूषा रोते हुए अपने कमरे में गई. इसके बाद महिला ने कमरा बंद कर के वीडियो बनाया. उसने अपने हाथ की नस काटी और साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली. दरवाजा तोड़ने पर मंजूषा की लाश



लटकते हुए मिली. घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है. जिसमें महिला आपबीती बता रही है. उसने आरोप लगाया कि पति, देवर, ससुर और सास मिलकर प्रतड़ित करते हैं. उसका पति आए दिन मारपीट करता है. उसकी शादी 16 जनवरी, 2025 को हुई थी. शादी के 10 महीने हो गए हैं, लेकिन वह 10 दिन भी चैन से नहीं रह पाई है. सास-ससुर अपने बेटे की ही तरफदारी करते हैं. दहेज के लिए भी प्रताड़ित करते हैं. वह इन लोगों से तंग आ चुकी है. अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है.

# 40 ट्रक माल लेकर अफगानिस्तान में धड़धड़ाते हुए घुसा भारत, देखते रह गए ट्रंप-शहबाज

**नई दिल्ली,24 अक्टूबर।** अफगानिस्तान जहां अमेरिका ने अपने अरबों डॉलर के साथ सपनों को भी दफना दिया। वहां बस भूख, डर और बारूद की गंध बची थी। लोगों के चेहरों पर उम्मीद नहीं हार का भाव लिखा था। लेकिन अब वही धरती भारत के भरोसे से नई सुबह देख रही है। जहां कभी अमेरिकी फौजे हार मानकर भाग गई। वहां अब भारतीय ट्रक उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं। भारत ने फिर साबित कर दिया है कि जब बाकी देश कहने में लगे थे। तब भारत करने में लगा था। जो सच्चे दिल से साथ देता है, उसका नाम सदियों तक इतिहास में लिखा जाता है। आज इसी कहावत को भारत ने उस अफगान जमीन पर सच कर दिखाया जहां कभी गोलियों की गूंज हुआ करती। आज वहां पर भारत की मदद और इंसानियत की आवाज सुनाई दे रही है। वही अफगानिस्तान जहां अमेरिका ने अपने अरबों डॉलर के साथ सपनों को भी दफना दिया। वहां बस भूख, डर और बारूद की गंध बची थी। लोगों के चेहरों पर उम्मीद नहीं हार का भाव लिखा था। लेकिन अब वही धरती भारत के भरोसे से नई सुबह देख रही है। जहां कभी अमेरिकी फौजे हार मानकर भाग गई। वहां अब भारतीय ट्रक उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं। भारत ने फिर साबित कर दिया है कि जब बाकी देश कहने में लगे थे। तब भारत करने में लगा था।  अफगानिस्तान में जब भूंकप और भूख ने तबाही मचाई। दुनिया के बड़े बड़े देश मीटिंग और बयानों में उलझे रहे। लेकिन भारतने रातों रात सन्नाटे में 40 ट्रकों का एक काफिला रवाना कर दिया। इनमें गेंहू, दालें, दवाईयां, टेंट और इंसानियत का जज्बा भरा था। इन ट्रकों की रफ्तार में राहत नहीं बल्कि उम्मीद की गूंज थी। काबुल की सड़कों पर भारतीय झंडे वाले ट्रक पहुंचे तो वहां के बच्चों ने कहा कि अब भारत आया है। वहां के बच्चों में चमक लौट आई। महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान खिल गई और अफगान गलियों में हिंदुस्तान जिंदाबाद गूंज उठा। भारत ने कोई प्रचार नहीं किया। कोई घोषणा नहीं की और चुपचाप मदद भेज गी। यही भारत की साइलेंट डिप्लोमेसी है। ऐसी कूटनीति जो कैमरों में नहीं। दिलों में बात करती है। जब विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से हुई। तो दुनिया की निगाहें उस छोटे से कमरे में टिक गई। अमेरिका जो तालिबान से बात करने से डरता था, भारत वही जाकर विश्वास की डोर बुन रहा। मुत्ताकी ने कहा था कि भारत ने बिना किसी स्वार्थ के हमारा साथ दिया। ये बात सिर्फ शुक्रिया नहीं बल्कि भारत की कूटनीतिक जीत की मुहर है। भारत पहले अफगानिस्तान को 20 एंबुलेंस गिफ्ट कर चुका है और अब एमआरआई व सीटी स्कैन मशीने भेजने की तैयारी में जुट चुका है। बाकी देश जब चेतावनी देने में लगे थे तब भारत वहां अस्पताल, स्कूलों का निर्माण कर रहा है। भूखे बच्चों के हाथों में रोटी रख रहा था। ये सिर्फ राहत नहीं थी। बल्कि दिलों को जीतने की डिप्लोमेसी थी। भारत ने दिखा दिया कि असली ताकत हथियारों में नहीं मानवता में होती है।

## रायगढ़ में बड़ा हादसा: NRVS प्लांट में जोरदार ब्लास्ट

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के तराईमाल स्थित एनआरवीएस (NRVS) प्लांट में सुबह करीब 7 बजे जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना भीषण था कि प्लांट के अंदर काम कर रहे कई मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में तीन मजदूर झुलस गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।










एक नजर

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए आवेदन 25 तक

**भिलाई, 24 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 05 से 11 नवम्बर तक द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर की यात्रा के तहत 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल, अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के उपर के नागरिक होंगें। यात्रा में शामिल होने इच्छुक नागरिक दिनांक 25.10.2025 तक आवेदन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय के समाज कल्याण विभाग में जमा कर सकते है। विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी योजना में शामिल किया गया है। 65 वर्ष के अधिक उम्र के नागरिकगण अपने साथ यात्रा में एक सहयोगी भी ले जा सकते है। आवेदन हिन्दी में भरकर दो प्रतियों में संलग्न किया जाना है। आवेदन के साथ नवीनतम रंगीन फोटो और पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, मतदाता परिचय पत्र सहित राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण पत्र अथवा अभिलेख जमा कर सकते है। हितग्राही को आवेदन के साथ स्वास्थ्य जांच के रूप में शासकीय चिकित्सक से जारी प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

### प्राकृतिक आपदाओं से पहले मिलेगी चेतावनी

**रायपुर।** अब बाढ़, आकाशीय बिजली, चक्रवात, भूकंप और लू जैसी आपदाओं की जानकारी लोगों को पहले ही मिल सकेगी। भारत सरकार ने समय रहते अलर्ट देने के लिए 'सचेत', 'दामिनी' और 'मेघदूत' मोबाइल ऐप विकसित किए हैं, जिन्हें गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। आपदा संबंधी किसी भी स्थिति में तत्काल मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1070 भी जारी है।आकाशीय बिजली से सबसे ज्यादा जान-माल की हानि होती है। ऐसे में 'दामिनी ऐप' बिजली गिरने के खतरे का 10-30 किलोमीटर पहले अलर्ट दे देता है और बचाव के उपाय भी बताता है। वहीं 'मेघदूत ऐप' किसानों के लिए बेहद उपयोगी है, क्योंकि यह मौसम पूर्वानुमान, तापमान, वर्षा और हवा की दिशा जैसी सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है, जिससे किसान अपनी फसल से जुड़े फैसले समय पर ले सकते हैं।इसी तरह 'सचेत ऐप' राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित है, जो रियल-टाइम चेतावनी भेजकर नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर जाने में मदद करता है। यह ऐप जीपीएस आधारित अलर्ट, आपातकालीन संपर्क और राहत केंद्रों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन ऐप्स के उपयोग से समय रहते सतर्कता बढ़ेगी और जन-धन की हानि में बड़ी कमी आएगी।

### मजबूत सड़कें समृद्धि और आत्मनिर्भरता की रीढ़

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस दौरान राज्य के प्रत्येक जिले में विकास की गाथाएँ लिखी जा रही है। इसी कड़ी में कोरिया जिला भी इससे अछूता नहीं है। जिले में बीते 25 वर्षों में सड़क निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इससे जिले में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वर्ष 2000 में जब राज्य का गठन हुआ था, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना या मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ जैसी योजनाओं का नाम तक ग्रामीण अंचलों में नहीं सुना गया था। लेकिन वर्ष 2025 तक का यह 25 वर्ष का सफर, सड़कों के निर्माण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 97 सड़कों का निर्माण किया गया, जिनकी कुल लंबाई 495.12 किलोमीटर है। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25 सड़कों का निर्माण जिसकी लंबाई 83.20 किलोमीटर है और मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत 29 सड़कें जिसकी लंबाई 10.40 किलोमीटर का निर्माण हुआ। इसके साथ ही 7 पुलों के निर्माण ने आवागमन को और सुगम बना दिया है। जिले के इन सड़कों और पुलों ने न केवल ग्रामीण अंचलों को जोड़ने का काम किया, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाएँ भी खोली हैं। जो गांव पहले वर्षों से एक-दूसरे से कटे हुए थे, अब सहज संपर्क में हैं।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए सड़कों के जाल को मजबूती देने पर विशेष ध्यान दिया है। इससे दूरस्थ अंचलों में रहने वाले आम नागरिकों, स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र को भी बड़ा लाभ मिला है। 25 वर्षों की इस विकास यात्रा ने यह साबित कर दिया है। कि मजबूत सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि और आत्मनिर्भरता की रीढ़ हैं। कोरिया जिले की धरती अब पर्यटन, व्यवसाय और आधुनिक जीवनशैली की नई राहों पर आगे बढ़ रही है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से घर-घर पहुंचेगी सौर ऊर्जा



**मुंगेली, 23 अक्टूबर।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और बिजली पर होने वाले खर्च को कम करना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रत्येक घरों में छत पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाकर ऊर्जा के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित हो रही है। योजना का लाभ लेने आमजनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब 700 से अधिक लोगों ने योजना का लाभ लेने आवेदन किया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर योजना को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आमजनों तक पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के तहत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने पर केन्द्र और राज्य शासन द्वारा 30 हजार रूपए से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। 01 किलोवाट का रूफटॉप लगवाने पर 45 हजार रूपए, 02 किलोवाट में 90 हजार रूपए और 03 किलोवाट का रूफटॉप लगवाने पर 01 लाख 08 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत आवेदक को भारतीय नागरिक होने के साथ घर की छत पैनल लगाने के लिए उपयुक्त होना चाहिए। घर में वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदक के परिवार ने सौर पैनल के कोई सब्सिडी का लाभ न उठाया हो। योजना के तहत सोलर प्लांट को नेट मीटरिंग प्रणाली से जोड़ा जाता है, जिससे अतिरिक्त उत्पन्न बिजली ग्रिड में भेजी जा सकती है और उपभोक्ता को उसका लाभ आय के रूप में प्राप्त होता है। इन सोलर पैनलों से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में जोड़ा जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आय का लाभ भी प्राप्त होगा।



## दुलकी माइंस में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**भिलाई, 24 अक्टूबर।** संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा विगत दिनों दुलकी माइंस के कमकासुर गाँव में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 59 ग्रामीणों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं तथा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जाँचें की गईं। इस अवसर पार 140 से अधिक रक्त परीक्षण किए गए, जिनमें 45 सिकल सेल परीक्षण, 95 एनीमिया टाइपिंग तथा एचबी प्रतिशत जाँच शामिल थीं।इस अवसर पर सीएसआर विभाग की मेडिकल टीम जिसमें मेडिकल कंसल्टेंट, नर्सिंग स्टाफ तथा ब्लड शुगर, एचबी और बीपी जांच हेतु तकनीकी सदस्य शामिल थे, जिन्होंने शिविर में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई, जिससे वे अपने परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग रह सकें।

## समोदा में उल्टी-दस्त के नए मरीज नहीं मिले



**भिलाई, 24 अक्टूबर।** कचान्दुर के आश्रित ग्राम समोदा में उल्टी-दस्त के मरीज प्राप्त होने की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश में डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी एवं एन. एल. बंजारे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी वि.ख. निकुम, दुर्ग के मार्गदर्शन में श्रीमती रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, निर्मल कुमार टंडन, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नियमित सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में 22 अक्टूबर 2025 को कुल 450 घरों का सर्वे किया गया, जहाँ उल्टी-दस्त के नये मरीज नहीं मिले हैं। 04 अक्टूबर 2025 से आज दिनांक तक कुल 60 मरीज मिले जिनमें से 13 मरीजों का जिले के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। 12 मरीज चंदूलाल चंद्राकर कचांदुर भिलाई, 01 निहार अस्पताल व अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले कर वर्तमान में स्वास्थ हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है।स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान उपस्थित सरपंच अरूण गौतम, उपसरपंच अनुज निषाद, पंचायत सचिव श्रीमती कमला देवांगन व कोतवाल पिताम्बर चौहान को प्रभावित क्षेत्र में पानी के पाईप लाईन को बंद कर, सभी पाईप लाईन की मरमत व साफ-सफाई किये जाने हेतु कहा गया एवं सी.ई.ओ. जिला जनपद के द्वारा सिरसा में पानी टैंकर की व्यवस्था किया गया है। सक्रिय सर्वेलेंस का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को संक्रमित क्षेत्र का पुनः पानी सैम्पल जांच हेतु लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग दुर्ग भेजा गया एवं स्टूल सैम्पल जांच हेतु रायपुर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनता को समझाइश दी गई है कि समस्त जनता से अपील करता है कि पानी उबाल कर पिये, सड़े गले सब्जी न खाये, बाहर का खाना बंद करे, मांसाहार ना खाये, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।

### हावड़ा एवं नागपुर के मध्य अन रिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**भिलाई, 24 अक्टूबर।** हावड़ा एवं नागपुर के मध्य रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक तरफ स्पेशल गाड़ी 01066 हावड़ा-नागपुर अन रिज़र्व्ड स्पेशल ट्रेन एक तरफ के लिये चलाई जायेगी । यह स्पेशल ट्रेन हावड़ा से 01066 नम्बर के साथ चलेगी । इस अन रिज़र्व्ड स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 16 सामान्य सहित कुल 18 कोच रहेगी ।

### एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के लिए समितियों में शिविर 26 अक्टूबर तक

**दुर्ग, 24 अक्टूबर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक समितियों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष धान बेचने के लिए किसानों को 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।



## सिंटर प्लांट की टीम ने तिरुपति में जीता गोल्ड अवार्ड

**भिलाई, 24 अक्टूबर।** सिंटर प्लांट-3 की टीम लक्ष्य ने अपनी उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता और कुशल प्रस्तुतिकरण के दम पर तिरुपति चैप्टर में आयोजित तकनीकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीतकर संयंत्र का नाम रोशन किया। टीम का नेतृत्व अभिषेक साहनी ने किया, जबकि ओम नम शर्मा ने फैसीलिलेटर की भूमिका निभाई, वहीं अमरेश धुंधरे, डिप्टी लीडर के रूप में तथा प्रेम लाल, अमित भंडारी एवं संजय चौधरी सदस्य के रूप में टीम में शामिल थे। संयंत्र प्रबंधन ने टीम 'लक्ष्य' की इस उल्लेखनीय सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि कर्मचारियों की प्रतिबद्धता,तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। प्रबंधन ने अन्य टीमों को भी इसी तरह नवाचार और सतत सुधारोन्मुख पहल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## गैरेज विभाग में स्पेशल कैम्पेन के तहत चलाया स्वच्छता अभियान



**भिलाई, 24 अक्टूबर।** संयंत्र के प्लांट गैरेज विभाग में स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत विगत दिनों स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक बी. डी. बाबू के नेतृत्व में मोबाइल उपकरण मरम्मत कार्यशाला (एमईआरएस) परिसर में संपन्न हुई। इस अभियान का उद्देश्य कार्यस्थल की स्वच्छता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सुरक्षित कार्य वातावरण के महत्व के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाना था।

इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों, नियमित कर्मियों एवं संविदा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यशाला के कार्यालय क्षेत्र, रखरखाव जोन और आसपास के परिसरों की सफाई की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक बी. डी. बाबू ने सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस विशेष के लिये न होकर सतत् व्यवहार का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आग्रह किया। सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान तभी प्रभावी हो सकते हैं जब प्रत्येक व्यक्ति टीम भावना और स्वामित्व की भावना से कार्य करे। उन्होंने कर्मचारियों को न केवल विभागीय क्षेत्र बल्कि पूरे संयंत्र परिसर में भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।अभियान में वरिष्ठ प्रबंधक ए. डी. आप्टे, आशीष गुप्ता, प्रबंधक राकेश चौधरी, उप प्रबंधक के. एच. वी. प्रसाद, डीएसओ एवं सहायक प्रबंधक डी. सी. महाजन, सहायक प्रबंधक एस. वी. एन. त्रिपाठी, संजय सिंह सहित प्लांट गैरेज विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों को अंतिम अवसर

**भिलाई, 24 अक्टूबर।** वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भूतल के आवास आवंटन हेतु अंतिम अवसर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में को लाटरी आयोजित किया गया । 150 आवासों का निर्माण किया गया है जिसमें निर्मित आवासों का लॉटरी किया जा रहा है। लॉटरी के पूर्व समय 11.30 बजे तक हितग्राहियो द्वारा अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया जा सकता है। नियमानुसार लाटरी पद्धति से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा।

## मातर उत्सव देखने आए युवक की चाकू मारकर हत्या



**भिलाई, 24 अक्टूबर।** दुर्ग जिले के रानीतराई थाना क्षेत्र में खर्रा गांव में बीती रात पड़ोसी गांव रेंगा कठेरा से मातर उत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने पहुंचे एक युवक की कुछ लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी दीपावली से चार दिनों के भीतर दुर्ग जिले में हत्या की यह पांचवीं वारदात है लगातार हो रही हत्या की वारदातों से जिले में सनसनी का आलम बन पड़ा है। फिलहाल बीती रात खर्रा गांव में हुई युवक की हत्या को प्रेम प्रसंग का नतीजा माना जा रहा है। मामले में रानीतराई थाने पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है बीती रात के खर्रा गांव में युवक को चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया। मृतक खूबीराम साहू पिता कृष्ण कुमार साहू ( 24 साल ) नजदीक के रेंगा कठेरा गांव का रहने वाला था। खूबीराम यहां मातर उत्सव पर आयोजित छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए आया था। खर्रा गांव में ही उसका किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मातर उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम देखने के लिए खूबीराम खर्रा आया तो अपनी प्रेमिका को बुलाया और उसके साथ घूमने निकला। युवती के भाई के दोस्तों ने दोनों को साथ साथ घूमते देख लिया। इस बात की जानकारी दोस्तों ने युवती के भाई को दी। युवती के भाई को यह बात नागवार गुजरी और उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खूबीराम को मारने की साजिश रची। इसके बाद खूबीराम की तलाश शुरू की गई। वह कार्यक्रम स्थल के पास में ही मिल गया। आरोपियों ने खूबीराम को कार्यक्रम स्थल से अलग ले जाकर चाकू से हमला कर दिया। वारदात की जानकारी लगते ही कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मौका देख सभी आरोपी वहां से भाग निकलने में कामयाब हो गए। रात में ही वारदात की सूचना मिलने पर

रानीतराई प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे के नेतृत्व में खर्रा पहुंचकर आरोपियों की तलाश में जुट गई। सुबह होते तक पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की बात सामने आ रही है । पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि घटना आधी रात के बाद की है रेंगा कठेरा निवासी खूबीराम साहू मातर उत्सव देखने खर्रा आया था यहां पर उसके रिश्तेदार रहते हैं इस लिए खूबीराम पहले से खर्रा आते रहता था इसी दौरान खर्रा में रहने वाली युवती के साथ उसका प्रेम संबंध बन गया था कल जब वह खर्रा आया तो अपनी प्रेमिका को साथ लेकर घूम रहा था। यह देखकर युवती के भाई को उसके दोस्तों ने जानकारी दी जिसके बाद हत्या की यह वारदात हो गई गौरतलब रहे कि 20 अक्टूबर को दीपावली के चार दिन के भीतर ही दुर्ग जिले में हत्या की यह पांचवीं वारदात है। पहले दिन 20 अक्टूबर को दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में फिर अगले दिन 21 अक्टूबर को छावनी और खुर्सीपार के बाद 22 अक्टूबर को नंदिनी थाना क्षेत्र के अरसनारा में हत्या की वारदात हुई है अब 23 अक्टूबर की आधी रात को रानीतराई थाना क्षेत्र के खर्रा गांव में युवक की हत्या से दुर्ग जिले में सनसनी का आलम बन पड़ा है।

## सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर होने वाले एकता मार्च की तैयारी पर बैठक में चर्चा

**जांजगीर-चांपा 24 अक्टूबर।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर आज जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने सर्किट हाऊस जांजगीर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, श्री जगन्नाथ पाणिग्रही, श्री गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्री पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, श्री आशुतोष गोस्वामी, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, एसडीएम जांजगीर श्री सुब्रत प्रधान सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह अभियान एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा युवाओं को सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रनिर्माण के योगदान से जोड़ने का एक माध्यम होगी। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाए। श्री जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि एकता, अखंडता और राष्ट्र सेवा के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिले, यही इस आयोजन का उद्देश्य है। आयोजन में समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, आमनागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने कहा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल ने यूनिटी मार्च के तैयारियों व व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी।

साथ ही जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आत्मनिर्भर भारत, ÷सरदार पटेल का जीवन एवं योगदान÷ विषय पर वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं संगोष्ठियों का आयोजन होगा। प्रत्येक विद्यालय में नशा मुक्त भारत की शपथ और 'गर्व से स्वदेशी अपनाने' का संकल्प दिलाया जाएगा। पदयात्रा से एक सप्ताह पूर्व तक सभी मार्गों एवं स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जनहित में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। यात्रा का समापन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पण और आत्मनिर्भर भारत की शपथ के साथ होगा।

## किसान मेला में फसल विविधीकरण एवं जैविक खेती के लिए मार्गदर्शन मिला किसानों को



**रायपुर, 24 अक्टूबर।** जिला स्तरीय किसान मेले कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुधन विकास विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं नवीन तकनीकों की जानकारी हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनका जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में किसानों ने अवलोकन किया। यह आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरम, अम्बिकापुर में आज किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने मेले में फसल विविधीकरण के महत्व पर चर्चा हुए बताया कि पारंपरिक धान की खेती की तुलना में गन्ना, सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों से किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि जहां धान की खेती में एक रुपए की लागत पर लगभग 50 पैसे का लाभ मिलता है, वहीं गन्ने की खेती में एक रुपए की लागत पर 75 पैसे का लाभ प्राप्त होता है। वहीं शासन द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 5 किसानों को टमाटर के ग्राफ्टेड पौधे, 5 किसानों को सरसों बीज मिनीकिट, 5 किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड एवं बीमा पॉलिसी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 7 लाभार्थियों को आईस बॉक्स एवं मछली पकड़ने के जाल का वितरण किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने ए हेल्प पुस्तक का विमोचन किया।

पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि अब सीधे ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसानों को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से बचने और मृदा की पोषकता बनाए रखने पर किसानों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पशुधन विकास विभाग के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को गति दी जा रही है, जिससे 90 प्रतिशत बछिया प्राप्त होने की संभावना बढ़ी है। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया गया।सांसद सरगुजा श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने और जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया। लूण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने कहा कि किसान मेला किसानों के लिए नवाचार एवं तकनीकी ज्ञान का मंच है। यहां विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे किसानों को खेती-बाड़ी में आधुनिक तकनीक अपनाकर पैदावार बढाने का अवसर मिलेगा।किसानों से बैंक संबंधी सतर्कता बरतने की अपीलक लेक्टर ने किसानों से कहा कि आगामी 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से बैंक संबंधी सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई पसीना बहाकर अर्जित करते हैं, लेकिन कई बार बैंक धोखाधड़ी के मामलों में उनकी गाढ़ी कमाई चली जाती है।

## कांग्रेस पर भारी पड़ा लालू परिवार

**संपादकीय**

केंद्र व राज्य की राजनीति में हर राजनीतिक दल अपना पलड़ा भारी रखना चाहता है ताकि केंद्र व राज्य की राजनीति में उसका महत्व सबसे ज्यादा रहे,राज्य में जो भी राजनीतिक दल नंबर एक और नंबर दो रहता है, उसकी कोशिश यही रहती है कि उसका स्थान हर तरह से सुरक्षित रहे, कोई उसके स्थान का दावेदार न बन सके। जो भी उसके साथ रहे उसके लिए चुनौती न बने, वह सहायक है तो सहायक बना रहे। बिहार की राजनीति में सत्ता का दावेदार कई चुनावों से नीतीश कुमार का दल रहा है, नीतीश कुमार जिसके साथ रहते हैं, सरकार उसी की बनती है, यह बिहार की राजनीति का अभी तक का परम सत्य है। नीतीश कुमार अभी तक अपने महत्व का बनाए रखने में सफल रहे हैं। अभी भाजपा के साथ हैं,भाजपा के साथ चुनाव मिलकर लड़ रहे हैं। भाजपा ने उनका सम्मान बनाए रखा है, पिछली बार कम सीटें आने पर भाजपा ने नीतीश कुमार को सीएम बनाए रखा है। इस बार भी भाजपा ने बराबर की सीटें देकर नीतीश कुमार का सम्मान बनाए रखा है। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है, यह भी एक तरह से नीतीश कुमार का सम्मान है। इसका एक मतलब यह निकाला जा सकता है कि सरकार बनने पर सीएम भी नीतीश कुमार ही होंगे। लेकिन राजनीति में कई बार स्थिति के अनुसार भी फैसले बदल दिए जाते हैं जैसे महाराष्ट्र में चुनाव लड़ा तो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में लेकिन सीएम भाजपा के देवेंद्र फडऩवीस बनाए गए क्योंकि ज्यादा सीटें तो भाजपा ने जीती थीं। चुनाव में आम तौर पर ज्यादा सीटें जो जीतता है, वह सीएम पद का स्वाभाविक दावेदार हो सकता है लेकिन बिहार में कई बार ऐसा नहीं हुआ सीटें कोई भी ज्यादा जीतें, नीतीश कुमार जिसके साथ रहते है,सरकार उसी की बनती है। इसलिए माना जा रहा है कि बिहार में जो परंपरा है, वह परंपरा बनी रह सकती है और यह इस बात पर निर्भर करती है कि नीतीश कुमार की पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव जीतती है। एनडीए के गठबंधन में तो चुनाव के पहले दांव पेंच ज्यादा नहीं चले हैं लेकिन महागठबंधन में चुनाव से पहले सीटों व सीएम चेहरे को लेकर खूब दांव पेंच कांग्रेस व राजद के बीच चले हैं। इस दांव पेंच में लालू परिवार यानी राजद कांग्रेस पर भारी पड़ा है। सीटों व सीएम चेहरे को लेकर लालू परिवार व कांग्रेस के बीच भारी खींचतान रही है। कांग्रेस ज्यादा सीटों पर चुनाव लडऩा चाहती थी और लालू परिवार कांग्रेस को ज्यादा सीटें देकर बिहार की राजनीति में उसका महत्व नहीं बढ़ाना चाहता था यानी लालू परिवार चाहता है कि कांग्रेस की बिहार में सहयोगी की भूमिका है तो सहयोगी की भूमिका तक सीमित रहे लेकिन राहुल गांधी चाहते हैं कि बड़े राज्य जैसे बिहार व यूपी हैं, यहां कांग्रेस को पहले की तरह मजबूत बनाया जाए लेकिन क्षेत्रीय दल ऐसा होने नहीं देते हैं। क्योंकि कांग्रेस कमजोर है इसलिए राज्य में वह मजबूत हैं। कांग्रेस चाहती थी बिहार में सीएम का फेस चुनाव का रिजल्ट आने के बाद हो। इसलिए वह तेजस्वी यादव को चुनाव के पहले सीएम का चेहरा घोषित करने से बचती रही। राहुल गांधी ने बिहार में यात्रा के दौरान एक बार भी नहीं कहा कि कांग्रेस तेजस्वी को सीएम का चेहरा स्वीकार करती है। लालू परिवार को कोर्ट से समन आने के बाद कांग्रेस ने सोचा कि अब लालू परिवार जरूर बैकफुट पर आएगा और बात कांग्रेस की गठबंधन में मानी जाएगी। कांग्रेस सहित सभी दलों ने ज्यादा सीटों पर नामांकन भर दिया। लेकिन बिहार में लालू परिवार का अपना दबदबा है। उसने सभी दलों से साफ कह दिया कि ऐसा नहीं चलेगा। या तो सब तेजस्वी को सीएम चेहरा सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे या फिर अकेले अकेले चुनाव लड़े। कांग्रेस जो तेजस्वी को अब तक सीएम का चेहरा स्वीकार नहीं करती थी, खुशी खुशी नहीं मजबूरी में उसे ही तेजस्वी का सीएम का चेहरा घोषित करने का काम सौंपा गया। कांग्रेस के राहुल गांधी व खरगे के लिए ऐसा करना अपमानजनक था, इसलिए इस काम को करने के लिए अशोक गहलोत को सौंपा गया और लालू परिवार को बता दिया गया कि तेजस्वी को सीएम का चेहरा कांग्रेस घोषित कर रही है लेकिन खुशी खुशी नहीं कर रही है, मजबूरी में कर रही है। यही वजह है कि तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करने पर राहुल गांधी या खरगे ने सोशल मीडिया पर कुछ नहीं कहा है। इससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस है नाराज लेकिन लालू परिवार की तानाशाही सहने के अलावा उसके पास कोई चारा नहीं है।

# आस्था,श्रद्धा और आत्मसंयम का अलौकिक उत्सव,सूर्योपासना का अद्भुत वैश्विक प्रतीक

**छठ महापर्व**

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर छठ पर्व भारत की उन प्राचीनतम और शुद्धतम परंपराओं में से एक है,जोआस्था श्रद्धा और आत्मसंयम की पराकाष्ठा को दर्शाती है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन की पवित्रता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक सुख-समृद्धि का अद्भुत संगम है। छठ महापर्व को सूर्य उपासना का सबसे पवित्र पर्व माना गया है। हिंदू धर्म में सूर्य देवता को जीवनदाता, स्वास्थ्य और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। छठ पूजा में सूर्य भगवान और उनकी पत्नी उषा (प्रातःकालीन किरण) तथा प्रत्यूषा (सायंकालीन किरण) की पूजा की जाती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन में आत्मसंयम, अनुशासन और प्रकृति के प्रति आभार का भाव ही सच्चा धर्म है। यह त्योहार बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल के तराई क्षेत्रों में विशेष भव्यता के साथ मनाया जाता है, परंतु अब यह भारत की सीमाओं से परे अमेरिका, मॉरीशस, यूके, कनाडा, दुबई, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तक एक वैश्विक सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। छठ महापर्व 2025 दिवाली के छह दिन बाद,अर्थात् 25 से 28 अक्टूबर 2025 के बीच मनाया जाएगा। हालांकि इस साल 2025 में भी दो दिन दिवाली मनाए जाने के बीच अब लोगों में छठ पूजा की तारीख को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है,कई स्थानों पर 27 से 30 अक्टूबर को मनाए जाने की भी संभावना दिख रही है इन चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में स्नान, व्रत, उपवास, शुद्ध आहार, नदी या तालाब के किनारे सूर्योपासना और परिवार की मंगलकामना के साथ सच्चे आत्म-संयम का पालन किया जाता है।छठ महापर्व 2025 की तारीखें और पंचांग आधारित विवरण इस प्रकार है,छठ पूजा 2025 की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ होगी और 28 अक्टूबर को उषा अर्घ्य देकर इसका समापन होगा।25 अक्टूबर 2025, नहाय खाय (पहला दिन), 26 अक्टूबर 2025-खरना या लोहंडा (दूसरा दिन), 27 अक्टूबर 2025-संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन)28 अक्टूबर 2025-उषा अर्घ्य (चौथा दिन) यह चार दिन सूर्य पूजा की प्रक्रिया का क्रम है, जिसमें प्रत्येक चरण का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टियों से गहरा महत्व है। छठ महापर्व का सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसमें न कोई मूर्ति होती है,न कोई पंडित और न ही कोई दिखावा, केवल शुद्ध मन, जल, सूर्य और श्रद्धा। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो इसे मानवता का सार्वभौमिक उत्सव बनाती है। साथियों बात अगर हम,चार दिवसिया सूर्य पूजा की प्रक्रिया क़े क्रम को गहराई से समझने की करें तो," पहला दिन", नहाय-खाय-शुद्धता की शुरुआत छठ पर्व की शुरुआत "नहाय-खाय" से होती है। यह दिन पूर्ण शुद्धता और आत्मसंयम का आरंभिक चरण है। व्रती (जो पूजा करती हैं) सबसे पहले पवित्र नदी, तालाब या



जलस्रोत में स्नान करती हैं। फिर घर लौटकर रसोई और पूरे घर की शुद्धता सुनिश्चित की जाती है। इस दिन का भोजन केवल एक बार ग्रहण किया जाता है,आमतौर पर लौकी-भात और चने की दाल का प्रसाद बनता है, जो मिट्टी के चूल्हे पर शुद्ध गंगाजल और आम की लकड़ी से तैयार किया जाता है।नहाय-खाय के माध्यम से शरीर और मन को पवित्र करने का संदेश मिलता है। यह व्रती को आने वाले 36 घंटे के निर्जला उपवास के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। "दूसरा दिन"- खरना (लोहंडा) : आत्मसंयम और तपस्या का प्रतीक, छठ का दूसरा दिन "खरना" कहलाता है, जो व्रत की आत्मिक यात्रा का सबसे कठिन और पवित्र चरण है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। सूर्यास्त के बाद मिट्टी के चूल्हे पर खीर (गुड़ और चावल से बनी), रोटी और केला का प्रसाद बनाया जाता है। यह प्रसाद पहले सूर्य देवता को अर्पित किया जाता है, फिर घर के सभी सदस्य एक साथ इसे ग्रहण करते हैं।खरना आत्मसंयम और समर्पण की परीक्षा है। इस दिन व्रती जल तक नहीं पीतीं। यह व्रत केवल शारीरिक तपस्या नहीं, बल्कि मन, इंद्रिय और विचारों की शुद्धि का महायज्ञ है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह उपवास शरीर की विषाक्तता को समाप्त करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में सहायक माना गया है। "तीसरा दिन",संध्या अर्घ्य-अस्ताचलगामी सूर्य की उपासनातीसरे दिन का सबसे प्रमुख आयोजन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जल व्रत रखती हैं और शाम को नदी, तालाब, झील या कृत्रिम जलाशय में स्नान कर सूर्यास्त के समय अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं।अर्घ्य के लिए बांस की सूप (डाल) में पूजा की सामग्री रखी जाती है,जैसे ठेकुआ, फल, ईख, नारियल, दीपक, और पाँच प्रकार के मौसमी फल। सूर्य भगवान की आराधना के समय पूरावातावरण 'छठ माता की जय' और 'सूर्य देवता की जय' के उद्घोष से गूंज उठता है।यह दृश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पर्यावरणीय संतुलन का भी प्रतीक बन जाता है। महिलाएं लाल या पीले रंग की साड़ी पहनती हैं,जो ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक है। घाटों पर दीपों की श्रृंखलाएँ जल उठती हैं, जो ब्रह्मांडीय ऊर्जा और प्रकाश के माध्यम से अंधकार के नाश का संकेत देती हैं।"चौथा दिन"-उषा अर्घ्य :उदय होते सूर्य का अभिवादन।छठ महापर्व का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है- उषा अर्घ्य का। प्रातः काल, जब सूर्य की पहली किरण क्षितिज पर दिखाई देती है, तब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य देवता को अर्घ्य देती हैं। यह अर्घ्य आने वाले जीवन के नवप्रकाश, नई ऊर्जा और परिवार की दीर्घायु का प्रतीक है।इस दिन श्रद्धालु सूर्य देवता को दूध, जल, गंगाजल, पुष्प और फल अर्पित करते हैं। व्रती सूर्य की आराधना के बाद प्रणाम कर अपने व्रत का समापन करती हैं और फिर घर लौटकर "परना" करती हैं, यानी व्रत खोलती हैं। यह क्षण केवल व्रती के लिए नहीं, पूरे परिवार और समाज के लिए भी आत्मिक प्रसन्नता का होता है।

साथियों बात अगर हम छठ व्रत की वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि व सामाजिक और नारी-शक्ति का पर्व के रूप में समझने की करें तो,छठ महापर्व को यदि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह सूर्योपासना के माध्यम से जीवन ऊर्जा के संरक्षण का पर्व है। सूर्य हमारे शरीर में विटामिन-डी का प्रमुख स्रोत है,जोप्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। जब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य की किरणों को ग्रहण करती हैं, तो इससे शरीर और मन दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।साथ ही, यह पर्व पर्यावरण- संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूजा में केवल प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग होता है,बांस, मिट्टी, फल, ईख, और प्राकृतिक जल।इसमें किसी प्रकार के प्लास्टिक या रासायनिक उत्पाद का प्रयोग नहीं किया जाता। छठ पूजा हमें यह सिखाती है कि मानव और प्रकृति के बीच संतुलन ही स्थायी समृद्धि की कुंजी है सामाजिक और नारी-शक्ति का पर्व-छठ महापर्व नारी की अडिग आस्था और संकल्प-शक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। 36 घंटे का निर्जला उपवास केवल शारीरिक सहनशक्ति नहीं, बल्कि आत्मिक दृढ़ता का प्रतीक है। इस पर्व में नारी 'परिवार की सुख-शांति और संतान की दीर्घायु' के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देती है।साथ ही,यह पर्व सामाजिक समानता का भी प्रतीक है, इसमें जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति का कोई भेदभाव नहीं होता। सभी लोग मिलकर घाटों की सफाई, सजावट और प्रसाद-वितरण में भाग लेते हैं। यह सामूहिकता भारत की "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को साकार करती है। साथियों बात अगर हम छठ महापर्व क़े आध्यात्मिकसंदेश को समझने की करें तो,छठ केवल सूर्योपासना नहीं, बल्कि यह मनुष्य और ब्रह्मांड के बीच संवाद का माध्यम है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि प्रकृति का प्रत्येक तत्व,जल, वायु, अग्नि,पृथ्वी और आकाश हमारे अस्तित्व का आधार है। जब हम सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो हम अपने भीतर की अंधकारमय प्रवृत्तियों, अहंकार ईर्ष्या, आलस्य और क्रोध को भी समर्पित करते हैं, ताकि जीवन में प्रकाश, शांति और संतुलन बना रहे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,छठ महापर्व मानवता और प्रकृति के समरस सह-अस्तित्व का प्रतीक हैं,छठ महापर्व 2025 केवल बिहार या उत्तर प्रदेश का नहीं, बल्कि अब यह भारत की आत्मा और भारतीयता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सच्ची समृद्धि पूजा में नहीं, बल्कि प्रकृति, अनुशासन और श्रद्धा के संतुलन में है।जब गंगा, यमुना, सरयू, सोन या किसी भी जलाशय के तट पर लाखों दीपक जलते हैं और महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देती हैं, तब वह दृश्य केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का महासागर बन जाता है जो मानवता को जोड़ता है,आत्मा को निर्मल करता है और हमें जीवन के परम सत्य की ओर ले जाता है।छठ महापर्व 2025 सचमुच यह याद दिलाएगा कि भारत की परंपराएँ केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि वे जीवन के दर्शन, अनुशासन और आत्मसंयम की अमर पाठशालाएँ हैं,जो युगों तक मानवता को प्रकाश देती रहेंगी।

## सू- दोकू क्र. 206

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -206

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 205 का हल**

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी और आप किसी काम को लेकर अपने मन में दुविधा बिल्कुल ना रखें, यदि ऐसा हो, तो उन्हें दूर करने की पूरी कोशिश करें। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और राजनीति में भी आपको अच्छे काम करने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी, लेकिन आपकी अपने किसी मित्र से खटपट हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा।

**मिथुन** आज आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। छोटा बच्चा आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकता हैं। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। व्यापार से संबंधित किसी काम को लेकर आप यात्रा पर जा सकते हैं। मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा, क्योंकि बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे कर सकते हैं, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई समस्या आने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपने धन का सदुपयोग करें और किसी को उधार देने से बचें।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपकी बेवजह की टेंशन में बढ़ेंगी। व्यवसाय में आपको पिछले कामों के लिए मान सम्मान मिलेगा। आपको यदि कोई आंखों से संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आस पड़ोस के किसी व्यक्ति से आपकी कहासुनी हो सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप खर्च थोड़ा सोच समझकर ही करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण कार्यक्षेत्र में कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। घर परिवार में सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सावधान रहना होगा। आपकी खर्च करने के आदत आपका कोई भारी नुकसान करवा सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या बढ़ सकती है, इसके लिए आपको कुछ टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आपको भाइयों की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा और आपकी किसी राजनीति के काम के और रुचि बढ़ सकती है.

**धनु** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा, जिससे आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं और आप बेवजह के कामों में ना पड़ें, आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आप अपने सुख साधनों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे.

**मकर** आज आपको अपने खर्च को कंट्रोल करने के चलने की आवश्यकता है। आपके मन में भटकाव रहने से आप इधर-उधर के मामलों को लेकर लापरवाही भी दिखा सकते हैं। अधिकारियों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लाभदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगी। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। व्यापार कर रहे लोगों को काम समझने में समस्या आएगी, जिससे आपकी मुश्किल में भी दूर होगी।

**मीन** आज आपको कामों को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो उसे भी आप आसानी से दूर कर सकेंगे। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आपकी किसी बात को लेकर आपके मन में कलह बनी रहेगी। आप अपने घरेलू मामलों को घर में ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा.

# बचपन बिक रहा है: बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

डॉ प्रियंका सौरभ

हमारे समाज में बच्चों का बचपन उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उनका खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में पनपना ही उनका अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे शहरों और बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं, और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखाकर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है, और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं। भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24X7 बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं।



एनजीओ और सामाजिक संगठन भी सक्रिय रूप से बच्चों को शोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि कई बार बच्चे और उनके माता-पिता कानूनी संरचना से अनजान रहते हैं, और शोषण नेटवर्क इतने संगठित होते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। सरकार और समाज को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलानी होगी और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना होगा। समाज का दया भाव और सहानुभूति अक्सर बच्चों के शोषण का कारण बन जाती है। अगर लोग बच्चों को भीख देने के बजाय सही तरीके से मदद करें, तो वे शोषण को बढ़ने से रोक सकते हैं। स्थानीय समुदाय, स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चों को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा और खेलकूद का अवसर देना उनके विकास के लिए जरूरी है। समाज को यह समझना होगा कि केवल पैसे देना बच्चों की मदद नहीं है। सही कार्रवाई, जैसे कि एनजीओ, चाइल्डलाइन और सामाजिक संस्थाओं को सूचित करना, ही बच्चों को शोषण से बचा सकती है। भीख मंगवाना कई जगहों पर आर्थिक व्यवसाय बन चुका है। कुछ परिवार और नेटवर्क मासूम बच्चों को इस्तेमाल करके पूरे दिन हजारों रुपये कमाते हैं। यह सिर्फ बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाना नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित करना भी है। पैसा देने वाले लोग यह सोचते हैं कि वे दया कर रहे हैं, लेकिन असल में वे इस प्रणाली को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यह एक चक्र बन जाता है, जिसमें बच्चों का शोषण जारी रहता है। बच्चों के भविष्य और समाज की नैतिक जिम्मेदारी के लिहाज से यह गंभीर समस्या है। इस समस्या का समाधान समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर काम करने में है। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए कदम उठाना जरूरी है। पैसे देने की बजाय मदद करें। बच्चों को भीख देने के बजाय उन्हें शिक्षा, खेल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाएं। बच्चों की सुरक्षा के लिए चाइल्डलाइन (1098) और मान्यता प्राप्त एनजीओ से संपर्क करें। समाज में बच्चों के अधिकारों और शोषण की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों के सुरक्षित वातावरण को सुनिश्चित करें। सिर्फ दया भाव या छोटे पैसों से बच्चों की मदद नहीं होगी। सही कार्रवाई, जागरूकता और कानूनी उपाय ही उन्हें बचा सकते हैं। बचपन बच्चों का अधिकार है, किसी का व्यवसाय नहीं। मासूम बच्चों का शोषण समाज की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी को चुनौती देता है। हमें यह समझना होगा कि बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और स्वतंत्र वातावरण देना हमारा कर्तव्य है। समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर सही कदम उठाने से ही इस समस्या का समाधान संभव है। जागरूकता, शिक्षा और सहयोग से ही हम बच्चों को उनका बचपन वापस दिला सकते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं।

# बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए संभाग के 4 लाख खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन




**जगदलपुर,24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग में युवाओं की ऊर्जाए उत्साह और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से श्बस्तर ओलंपिक 2025श् का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में गृह पुलिस विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में बस्तर की नई पहचान बनेगा । बस्तर ओलंपिक 2025 के प्रति लोगों में उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें 1 लाख 63 हजार 668 पुरुष और 2 लाख 27 हजार 621 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह संख्या न केवल बस्तर के युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाती हैए बल्कि यह भी साबित करती है कि बस्तर की धरती अब खेल एक नई सामाजिक चेतना और समान भागीदारी का प्रतीक बन चुके हैं। बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए वन भैंसा और पहाड़ी मैना को शुभंकर डेंबवज बनाया गया हैए जो बस्तर की जीवंतता और सामुदायिक शक्ति का प्रतीक हैं। यह आयोजन न केवल खेलों काए बल्कि बस्तर की संस्कृतिए सौहार्द और विकास के नए युग का उत्सव बनेगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और उनके भीतर निहित नैसर्गिक खेल प्रतिभा को पहचानना है। यह पहल केवल खेल आयोजन नहींए बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास व संवाद का सेतु बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने श्मन की बातश् कार्यक्रम में कहा था किए बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल आयोजन नहीं हैए यह ऐसा मंच है जहां विकास और खेल का संगम हो रहा हैए जहां हमारे युवा अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं और एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं।ष् यह मॉडल पूरे देश में श्खेल के माध्यम से शांति और विश्वासश् की अनूठी पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्सए तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो वॉलीबॉल, कराते, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेल शामिल हैं। इसमें न केवल आधुनिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगाए बल्कि स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिलेगा। बस्तर ओलंपिक में जूनियर 14.17 वर्ष और सीनियर वर्ग के अलावा विशेष श्रेणी के प्रतिभागियों नक्सल हिंसा से दिव्यांग हुए व्यक्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी सम्मिलित किया जा रहा है। यह पहल खेल के माध्यम से पुनर्वासए पुनर्जीवन और सामाजिक एकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

प्रतियोगिताएं तीन स्तरो विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित हो रही हैं। विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता 25 अक्टूबर सेए जिला स्तर पर 5 नवम्बर से और संभाग स्तर पर 24 नवम्बर से आयोजित की जाएगी। विजेताओं को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कारए मेडलए ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की जाएगी। नगद राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ;क्ठज्द्ध के माध्यम से खिलाड़ियों के बैंक खाते में जमा की जाएगी। संभागीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को ष्बस्तर यूथ आइकॉनश् के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह श्स्पोर्ट्स फॉर पीसश् मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

## एक नजर

### आपसी विवाद में ब्लेड से हमला करने वाला गिरफ्तार



**कांकेर,24 अक्टूबर।** जिले के सिटी कोतवली क्षेत्र अंर्तगत राजापारा में बुधवार देर रात करीब 12 बजे आपसी विवाद के बाद आरोपी ने युवक की गर्दन और हाथ पर ब्लेड से हमला कर दियाए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को आज गुरूवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर रवाना कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए प्रार्थी शुभम यादव 24 वर्ष निवासी श्यामानगर टिकरापारा कांकेर ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त रविंद्र ठाकुर के साथ कोमल को राजापारा में छोड़कर अपने घर लौट रहा था। रास्ते मेंए राजापारा नीम के पेड़ के पास उसका सामना आशीष शर्मा से हुआ। आरोपी आशीष शर्मा ने शुभम को रोककर गाली.गलौज करना शुरू कर दिया और कहाए ष्तु हमारे बस्ती में कैसे घूम रहा हैष्ष् शुभम द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने धक्का.मुक्की की और अपने पास रखे ब्लेड से उसकी गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव करते हुए शुभम ने अपने दाहिने हाथ से वार रोकने की कोशिश कीए जिससे उसके हाथ में भी गहरा कट लग गया। घटना के बाद घायल शुभम ने तत्काल थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला अपराध क्रमांक 378ध्2025 धारा 296, 109 के तहत दर्ज किया । कांकेर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी आशीष शर्मा 32 वर्ष निवासी राजापारा कांकेर को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय कांकेर के समक्ष पेश किया।

### छिंदगढ़ जनपद कार्यालय में आगजनी से एक कमरे में रखा सामान जल गया

**सुकमा,24 अक्टूबर ।** जिले के छिंदगढ़ जनपद कार्यालय में बीती रात अचानक भीषण आग लग गई हैए इस आगजनी से एक कमरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझा दिया है। स्थानीय लोगों ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर आग को फैलने से रोकने के लिए अपना योगदान दिया। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। छिंदगढ़ जनपद कार्यालय आगजनी से कितना नुकसान हुआ इसका आंकलन किया जा रहा है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव, 24 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम सिवनी निवासी बनती की सर्पदंश से मृत्यु होने पर भाई सोनिया, सोनसाय, किर्तन, बहन खेमबती को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम हत्दा निवासी प्रभुलाल मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी रमुला मरकाम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि, माकड़ी तहसील के ग्राम छोटे सलना निवासी दीपक की पानी गाज गिरने से मृत्यु होने पर माता सुकली को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 1 परिवार को दी गई 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर, 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 01 परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील लोहाण्डीगुड़ा ग्राम नेगानार निवासी मैतुराम की मृत्यु पानी में डूबने के कारण पुत्र सुखदेव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# बस्तर जिले में धान खरीदी की तैयारी की कलेक्टर ने बैठक में की समीक्षा



**जगदलपुर, 23 अक्टूबर ।** बस्तर जिले के कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025.26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने किसान पंजीयन की प्रक्रिया की समितिवार समीक्षा की और इसे शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी किसानों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुराने किसानों का डाटा कैरी फॉरवर्ड करने के साथ.साथ नए किसानों का पंजीयन भी प्राथमिकता से करने को कहा गया। जिन किसानों का डाटा कैरी फॉरवर्ड नहीं हुआए उनके कारणों की जानकारी मांगी गई। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। धान खरीदी के लिए बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। बारदानों की जानकारी ऑनलाइन और भौतिक रूप से रखने के निर्देश दिए गए।

# परिजनों ने पुलिस से 18 मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराये जाने की शिकायत की



बीजापुर। जिले के 18 मजदूरों को कर्नाटक में बंधक बनाकर जबरन काम कराये जाने की शिकायत आज गुरूवार को बीजापुर सिटी कोतवाली में करते हुए सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। मजदूरों के परिजनों ने बीजापुर पुलिस के समक्ष आवेदन देकर बताया कि दलालों ने उन्हें धोखे से बंधक बनाया है और उनसे जबरन काम कराया जा रहा है। परिजनों ने शिकायत में बताया कि जब भी मजदूर अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ लौटने की बात करते हैं, तो ठेकेदार उनके साथ मार-पीट करता है और उन्हें धमकाता है। उन्हें उनकी मजदूरी भी नहीं दी जा रही है और उनका लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। बंधक बनाए गए मजदूरों में मनोज ताती, दिनेश ताती, रमेश ताती, अर्जुन ताती, बोज्जा ताती, राजू ताती, चैतू ताती, रानी हपका, मनीला हेमला, चिन्नि ताती, राजू लेकाम, मरीना मीडियम, मरीना तेलम, मंजू लेकाम, मीना अवलम, दीपिका हेमला, ज्योति हपका, निर्मला ताती, संजय ताती, अनीता ताती, रामकृष्ण ताती, लखन ताती और मुनिता ताती शामिल हैं। परिजनों के अनुसार ग्राम पंचायत कड़ेनार (सिलगापारा) के 11 और ग्राम पंचायत कैका (गुमला) के 7 मजदूरों को 8 अगस्त 2025 को तेलंगाना के करीमनगर जिले में ईंट भट्टे पर काम के लिए ले जाया गया था। करीमनगर में एक सप्ताह काम करने के बाद उन्हें महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के निजामाबाद ले जाया गया। इसके बाद दलाल सीनू श्रीनिवास ने इन मजदूरों को कर्नाटक राज्य के बिडगी गांव जानमट्टी भेज दिया। वहां उन्हें बताया गया कि उन्हें 5 लाख रुपए में एक सेठ के यहां मजदूरी करनी है। परिजनों का आरोप है कि मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया है। परिजनों ने सीनू श्रीनिवास और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित मजदूरों को जल्द से जल्द घर वापस लाने और उनकी मजदूरी दिलाने का भी आग्रह किया है। इस पूरे मामले में बीजापुर कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया की मामले के तथ्यों की पुष्टि के बाद संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी।

# मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए डबरी में कूदे पिता-पुत्र की हुई मौत



**जगदलपुर,24 अक्टूबर।** बस्तर जिले के करपावंड थाना क्षेत्र अंर्तगत छिंदगांव में डबरी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है, 23 अक्टूबर की सुबह छिंदगांव में ग्रामीण खेत में काम कर रहे थे। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे सब इधर-उधर भागने लगे, इसमें शामिल पिता-पुत्र मधुमक्खियों से बचने के लिए पास की डबरी में कूदे और डूब गए। घटना के बाद दोनों को बाहर निकालने में 3 से 4 घंटे का वक्त लग गया, तब तक दोनों की सांस थम चुकी थी। वहीं, मधुमक्खी के डंक से 5 ग्रामीण घायल हुए हैं। करपावंड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिंदगांव निवासी भुवनेश्वर पटेल (60) अपने बेटे विनोद पटेल (32) समेत गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ गांव में ही खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक मधु मक्खियों के झुंड ने इन पर हमला कर दिया। सभी ग्रामीण जान बचाने के लिए यहां-वहां भागे। वहीं भुवनेश्वर अपने बेटे विनोद के साथ डबरी में कूद गए, जिसके बाद दोनों बाहर ही नहीं निकले। इस मामले की जानकारी जब गांव के अन्य ग्रामीण और परिजनों को मिली तो वे भी मौके पर पहुंचे और डबरी में डूबे पिता-पुत्र की तलाश करते रहे, साथ ही पुलिस को भी इस घटना की सूचना दी गई। लगभग 3 से 4 घंटे के बाद दोनों पिता-पुत्र के शव को पानी से बाहर निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल लाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करपावंड पुलिस के अनुसार मधु मक्खियों के हमले से 5 ग्रामीण घायल हुए हैं।

# ग्राम जड़कोंगा में पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**कोंडागांव, 24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत माकड़ी विकाखण्ड के ग्राम पंचायत उड़ेगा के आश्रित ग्राम जड़कोंगा में बुधवार को पशुधन विकास विभाग के तत्वावधान में पशु मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनप्रतिनिधियों द्वारा गोवर्धन पूजा के साथ की गई, जिसमें गौवंश को खिचड़ी खिलाया गया तथा पारंपरिक राउत नाचा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती नेताम, जनपद सदस्य श्री पन्ना लाल नेताम, श्रीमती अनीता नेताम, श्री कृष्ण पोयाम तथा श्री अन्त जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मेला एवं प्रदर्शनी में क्षेत्र के पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभाग की ओर से पशुओं की निःशुल्क जांच, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा पोषण एवं देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में पशुपालन को प्रोत्साहित करना तथा पशुपालकों को नवीन तकनीकी जानकारी एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पशुपालन के महत्व पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।कार्यक्रम का संचालन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया तथा समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामीणों को पशुधन संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उड़ेगा के सरपंच श्री सोनाराम सोरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं पशुपालक सम्मिलित हुए। विभागीय प्रतिनिधियों में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला कोंडागांव के डॉ. एमबी सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी माकड़ी डॉ. सुदरन मरकाम, डॉ. पीएल ठाकुर (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ), डॉ. केके कोराम, डॉ. ढालेश्वरी साहू, मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट प्रभारी डॉ. श्याम सुंदर नाग, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री सियाराम नेताम एवं विभाग के समस्त परिचारक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# धान खरीदी व राज्योत्सव के लिए करें पूरी तैयारी

**कोंडागांव, 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरूवार को समय सीमा की बैठक में धान खरीदी की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की और राज्योत्सव के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने 15 नवंबर से शुरू हो रहे धान खरीदी हेतु समुचित व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि बाहर से धान की खपत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने धान की अवैध आवक को रोकने के लिए फील्ड स्तर पर कड़ी निगरानी हेतु समुचित तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही राज्योत्सव के गरीमामयी आयोजन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता के साथ निर्वहन हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर ने बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों के बैंकों को ऋण स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए छूटे हुए हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, हितग्राहियों का आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण करने को कहा। शिक्षा विभाग को स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पीएम ई विद्या पोर्टल से ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दिया। साथ शत प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाने के कार्य में प्रगति लाने हेतु सभी बीईओ को सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुष्मान वय वंदन और आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने को कहा और आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीकृत नर्सिंग होम का नियमित निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाओं और गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए ताकि आमजनों को निःशुल्क इलाज व्यवस्था का समुचित लाभ मिल सके। इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निःक्षय मित्र की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई, अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारी को लेकर दिए निर्देश

**कोंडागांव, 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर राज्योत्सव के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्था सहित विभागीय स्टॉल की तैयारी सुनिश्चित करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जशपुर में जम्बूरी-25 का आयोजन 6 से 9 नवम्बर तक



**जशपुर, 24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ का पर्वतीय और हरियाली से आच्छादित जिला जशपुर एक बार फिर उत्सव, संस्कृति और रोमांच का केंद्र बनने जा रहा है। यहाँ आगामी 6 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले %जशपुर जम्बूरी 2025% में प्रदेश और देशभर से पर्यटक प्रकृति की गोद में रोमांचक अनुभवों, जनजातीय परंपराओं और सामुदायिक उत्सव के रंगों का आनंद लेंगे। यह आयोजन प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय परंपराओं और आधुनिक रोमांच का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। जशपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, झरनों, पहाडियों और हरे-भरे जंगलों के कारण पहले से ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इन चार दिनों में यह जिला उत्साह, उमंग और अनूठे अनुभवों का जीवंत मंच बन जाएगा। देशभर से आने वाले सैलानी यहां रोमांचक खेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनजातीय लोकपर्वों की रंगीन झलक का आनंद लेंगे। इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा हॉट एयर बलून और पैरामोटरिंग शो, जिसमें प्रतिभागी मधेश्वर पहाडियों के ऊपर से उड़ान भरकर जशपुर की भव्यता को नई ऊँचाई से देख सकेंगे। नीले आसमान और हरी वादियों का यह संगम एक अविस्मरणीय अनुभव बनेगा। फेस्टिवल में कयाकिंग, मोटर बोटिंग और एटीवी राइड्स जैसी गतिविधियाँ रोमांच प्रेमियों को अपनी सीमाओं को परखने का अवसर देंगी। झरनों की धारा में कयाकिंग और जंगलों के बीच मिट्टी के रास्तों पर एटीवी चलाने का रोमांच हर आगंतुक के लिए यादगार रहेगा। प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष फॉरेस्ट ट्रेकिंग ट्रेल्स तैयार की गई हैं। घने पेड़ों के बीच, फूलों की महक और पक्षियों की चहचहाहट में चलना जशपुर की जैव विविधता से गहरा जुड़ाव कराएगा। यह पर्यावरण और पर्यटन के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। रात्रिकालीन आयोजनों में स्टार गेजिंग सेशन्स विशेष आकर्षण होंगे। तारों से सजे जशपुर के निर्मल आसमान में सैकड़ों नक्षत्रों को निहारने का अनुभव आगंतुकों को अद्भुत शांति और विस्मय का एहसास कराएगा।हर शाम बोनफायर नाइट्स में जनजातीय लोकनृत्य, संगीत और हँसी से भरी संध्याएँ होंगी। पारंपरिक गीतों की धुन और आग की लपटों के बीच साझा होती मुस्कानें इस आयोजन को आत्मीयता का नया अर्थ देंगी।फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों का विशेष स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेगा। स्थानीय पारंपरिक पकवानों के स्वाद से पर्यटक छत्तीसगढ़ की मिट्टी की असली महक महसूस करेंगे। जशपुर जम्बूरी केवल एक पर्यटन आयोजन नहीं, बल्कि जनजातीय गौरव और सांस्कृतिक आत्मसम्मान का उत्सव भी है। पारंपरिक हस्तशिल्प, लोककला प्रदर्शनी और आदिवासी परिधानों की झलक इस आयोजन को विशिष्ट बनाएगी। जशपुर प्रशासन और पर्यटन विभाग ने पर्यटकों की सुविधा के लिए ठहरने, खानपान, सुरक्षा और स्वच्छता की संपूर्ण व्यवस्था की है। इस आयोजन में देशभर से एडवेंचर प्रेमी, फोटोग्राफर, ट्रैवल ब्लॉगर और इनफ्लुएंसर भाग लेंगे, जिससे जशपुर की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल माध्यमों से और सशक्त होगी।हमारा प्रयास है कि जशपुर की प्रकृति और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान मिले। जशपुर जम्बूरी 2025न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को प्रखर करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्यमिता और सामुदायिक सहभागिता को नई ऊर्जा देगा। यह आयोजन राज्य के लिए गौरव और विकास दोनों का प्रतीक बनेगा। ऐसे आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा करते हैं। जशपुर के लोग जितने सादगीपूर्ण हैं, उतने ही उत्साही और साहसी भी हैं।

जशपुर जम्बूर जैसे आयोजन इस क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित कर रहे हैं। यह फेस्टिवल छत्तीसगढ़ को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में आगे बढ़ाएगा।

# हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मृत्यु

**बलौदाबाजार, 24 अक्टूबर ।** बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में विगत दिनों हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक अग्रिम सहायता राशि 25000 रुपये प्रदान की गई हैए साथ ही स्थानीय ग्रामों में मुनादी करवा दी गई है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि हाथियों की गतिविधि वाले क्षेत्रों में अत्यधिक सतर्कता बरतें और किसी भी स्थिति में उनके समीप न जाएं।

वनमण्डलधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारनवापारा अभ्यारण्य के ग्राम बार के समीपस्थ ग्राम हरदी निवासी कनकु राम पिता चमरू लाल ;उम्र 68 वर्षद्ध की मृत्यु एक हाथी हमले में हो गई। घटना 22 अक्टूबर ;बुधवारद्ध शाम लगभग 4 बजे की हैए जब मृतक अपने खेत की रखवाली के लिए जा रहे थे।घटना कक्ष क्रमांक 108 के समीप डीके जक्शन बेरियर के पास हुई। वहां तैनात बेरियर चौकीदार नंद कुमार ध्रुव द्वारा मृतक को आगे बनने से रोका गया था क्योंकि क्षेत्र में एक एकल लोनर हाथी का विचरण हो रहा था। चेतावनी के बावजूद मृतक आगे बढ़ गया जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। घटना की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल एवं वन विभाग के अधिकारी.कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और आसपास के ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं हाथी से दूरी बनाए रखने की समझाइश दी। घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा ले जाया गयाए जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वन विभाग द्वारा यह भी बताया गया है कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गश्ती दल सक्रिय हैं।

# सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 24 अक्टूबर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा वर्ष 2026-27 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक निर्धारित है। कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10 से 12 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं प्रवेश के समय कक्षा पाचवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। कक्षा नौवीं के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 13 से 15 वर्ष के बीच होना चाहिए तथा प्रवेश के समय अभ्यर्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग, रक्षा (सेवारत, सेवानिवृत्त) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के लिए 850 रुपये एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए 700 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित है, जिसका भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, पेटीएम वालेट, यूपीआई के माध्यम से आनलाईन करना होगा।

कक्षा 6वीं और कक्षा 9वीं में बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु आयोजित पेन एवं पेपर बहुविकल्पीय प्रश्न पेपर पैटर्न आधारित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 को किया जाएगा। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। सर्वप्रथम उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होना होता है। इसके पश्चात उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण होता है। स्वास्थ्य परीक्षण में फिटनेस तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची बनती है। केवल अंतिम प्रावीण्य सूची में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का ही सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश होता है। सत्र 2026-27 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं में लगभग 80 सीटों (70 बालक एवं 10 बालिका) एवं कक्षा 9वीं में लगभग 20 (18 बालक एवं 02 बालिका) सीटों पर प्रवेश होने की सम्भावना है जो आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है ।ऑनलाइन फार्म के पंजीयन में केवल अभिभावक का ही ईमेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर भरना होगा। ऑनलाइन फार्म भरते समय अभ्यर्थी के पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, जन्म प्रमाण पत्र के साथ अभ्यर्थी, अभिभावक के निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, रक्षा कर्मियों के सेवा, पेंशन दस्तावेज़ का स्कैन कॉपी होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के जाति, वर्ग आदि के बारे में सही जानकारी भरना होगा, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा नही हो।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिवंगत चन्दन बाई को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, 24 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज विधायक एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री प्रणव कुमार मरपच्ची की माताजी स्वर्गीय श्रीमती चन्दन बाई जी की तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर श्री मरपच्ची सहित शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय चन्दन बाई जी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### हेमलता शोर्टे को डीएमएफ से मिली एमबीबीएस की फीस

**कोरबा 24 अक्टूबर।** कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम कोड़गार की हेमलता शोर्टे को जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) कोरबा से एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पूर्ण फीस सहायता स्वीकृत की गई है। हेमलता शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है। उनके पिता श्री शिव बालक शोर्टे की आर्थिक स्थिति सीमित होने के कारण पढ़ाई जारी रखना कठिन हो गया था। इस पर जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा पहल करते हुए डीएमएफमद से उनकी फीस का वहन किया गया। छात्रा की एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होने तक आगामी चार वर्ष तक की फीस का वहन किया जायेगा। इसके साथ ही छात्रा द्वारा एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई के लिये गये लोन में से शेष राशि 21 हजार रूपये डीएमएफ द्वारा चुकता कर दिया गया है। यह सहायता आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने की दिशा में कोरबा प्रशासन की पहल है।

### इंटर्न चिकित्सको को शासन से दी जाती है स्कालरशिप

**कोरबा 24 अक्टूबर।** स्व बिसाहू दास स्मृति मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे मेडिकल छात्रों को शासन से मिलती है। मेडिकल कॉलेज द्वारा छात्रों के स्कॉलरशिप भुगतान के लिए बिल को कोषालय भेज दिया गया है। बिल भुगतान प्रक्रियाधीन है। मेडिकल कॉलेज कोरबा के डीन डॉक्टर के के सहारे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को डीएमएफ से स्कॉलरशिप नहीं दी जाती उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जाती है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा इंटर्नशिप कर रहे हैं। छात्रों को समय पर स्टाइपेंड प्रदान किए जाते हैं इसके लिए छात्रों की उपस्थिति सहित अन्य प्रपत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी प्रेषित की जाती है। इंटर्न चिकित्सकों की छात्रवृत्ति के भुगतान संबंधित बिल को पूर्ण करते हुए जिला कोषालय कोरबा को प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही भुगतान हो जाएगा।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों मुद्रण के लिए न्यूनतम दर निर्धारण के लिए समिति गठित

**कोरबा 24 अक्टूबर।** निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार कोरबा जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की मूल प्रतियां एवं पूरक सूचियों का मुद्रण लेजर प्रिंटिंग का कार्य करने हेतु छ0ग0 भंडार क्रय नियम 2022 में निहित प्रावधान अनुसार खुली निविदा 17 नवंबर 2025 को दोपहर 03 बजे तक आमंत्रित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा जारी निविदा शर्तों के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की मुद्रण के लिए न्यूनतम दर निर्धारण हेतु 06 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर (वित्त) कोरबा समिति के अध्यक्ष होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सदस्य सह सचिव और जिला कोषालय अधिकारी, जिला वाणिज्यकर अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### राज्योत्सव व प्रधानमंत्री के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की

**रायपुर. 24 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव व प्रधानमंत्री के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव व प्रधानमंत्री के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री केदार कश्यप तथा वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्योत्सव की तैयारियों में जुटे अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अधिकारियों को संपूर्ण आयोजन में किसी भी तरह की कोताही न बरतते हुए पूरी क्षमता और योग्यता से समय पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाना है। इसके लिए तैयारियों में कोई कोर-कसर न छोड़ें।

# छत्तीसगढ़ की पहचान भारत की खनिज राजधानी के रूप में भी

**रायपुर, 24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ यह नाम अब केवल हरियाली और संस्कृति का पर्याय नहीं रहा, बल्कि भारत की खनिज राजधानी के रूप में भी अपनी पहचान बना चुका है। देश के कुल खनिज भंडार का बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ की धरती में छिपा है। यही कारण है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में खनिजों का योगदान लगातार बढ़ रहा है और प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद जीएसडीपी में खनिज क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। राज्य गठन के समय खनिज राजस्व 429 करोड़ रूपए था, जो अब बढ़कर 14 हजार 592 करोड़ हो गया है। 25 साल में राज्य का खनिज राजस्व में 34 गुना बढ़ गया है। वन एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1980 से अब तक वनसंरक्षण अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में केवल 28 हजार 700 हेक्टेयर भूमि ही खनन के लिए दी गई है, जो कि राज्य के वन क्षेत्र 59.82 लाख हेक्टेयर का 0.47 प्रतिशत और राज्य के कुल भू-भाग 135 लाख हेक्टेयर का 0.21 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र में कटाई के साथ 5 से 10 गुना वृक्षारोपण को अनिवार्य किए जाने से राज्य के वन क्षेत्र में 68 हजार 362 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है, जो इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार देश में सर्वाधिक है।

खनिज राजस्व से न केवल प्रदेश को आर्थिक संबल मिल रहा है, बल्कि हजारों युवाओं को लिए रोज़गार के नए अवसर भी खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार खनिज संपदा के दोहन को पर्यावरणीय संतुलन और जनहित से जोड़कर खनिज से विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख खनिजों में से महत्वपूर्ण कोयला, ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। छत्तीसगढ़ देश का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। राज्य में कोयले का भंडार 74,192 मिलियन टन है, जो देश के कोयला भण्डार का लगभग 20.53 प्रतिशत है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य की देश में 20.73 प्रतिशत हिस्सेदारी है। देश के कोयला उत्पादक राज्यों में छत्तीसगढ़ का दूसरा स्थान है। प्रदेश के कोयले का उपयोग ताप विद्युत संयंत्रों, सीमेंट, इस्पात और कोयला आधारित मध्यम व लघु उद्योगों में किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता में छत्तीसगढ़ का योगदान पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है।

लौह अयस्क देश के इस्पात उद्योग की रीढ़ है, जो छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। कबीरधाम से लेकर दल्लीराजहरा से होते हुए दंतेवाड़ा बैलाडीला तक फैली पर्वत श्रृंखलाओं में 4,592 मिलियन टन लौह अयस्क भंडार मौजूद है, जो राष्ट्रीय भंडार का 19.09 प्रतिशत है। राष्ट्रीय उत्पादन में छत्तीसगढ़ का योगदान 16.64 प्रतिशत है। एनएमडीसी की बैलाडीला खदानें (दंतेवाड़ा) और दल्ली-राजहरा खदानें (बालोद) देश के इस्पात उद्योगों की जीवनरेखा हैं। यहां से भिलाई इस्पात संयंत्र और देशभर के उद्योगों को उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क मिलता है। लौह अयस्क उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में द्वितीय स्थान है। छत्तीसगढ़ में 992 मिलियन टन बाक्साइट भंडार है, जो देश का 20 प्रतिशत है। राष्ट्रीय उत्पादन में छत्तीसगढ़ का योगदान 4.3 प्रतिशत है। सरगुजा, बलरामपुर और कबीरधाम जिलों में हिन्डाल्को, वेदांता और सीएमडीसी जैसी कंपनियाँ सक्रिय हैं। बाक्साइट से निर्मित एल्युमिनियम ऊर्जा, निर्माण और रक्षा उद्योग के लिए अहम है।

चूना पत्थर सीमेंट उद्योग का मेरुदंड है। राज्य में 13,211 मिलियन टन चूना पत्थर का भंडार है, जो देश के कुल भंडार का 5.8 प्रतिशत है। राष्ट्रीय उत्पादन में छत्तीसगढ़ का योगदान 11 प्रतिशत है। बलौदाबाजार, रायपुर, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ जिलों में अल्ट्राटेक, एसीसी, अम्बुजा, श्री सीमेंट, ग्रासिम जैसे संयंत्र कार्यरत हैं। बलौदाबाजार को अब 'सीमेंट हब' कहा जाता है। देश का 100 प्रतिशत टिन उत्पादन छत्तीसगढ़ में होता है। सामरिक महत्व के टिन अयस्क का यहां 30 मिलियन टन का भंडार उपलब्ध है। दंतेवाड़ा और सुकमा में मिलने वाला यह खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे अनुसूचित जनजाति की सहकारी समितियों के माध्यम से क्रय करने का प्रावधान राज्य सरकार ने लागू किया है।

# समयबद्ध छात्रवृत्ति से शिक्षा की राह हुई आसान



**रायपुर, 24 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर राज्य के शैक्षणिक संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों और तकनीकी एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति का भुगतान निर्धारित समय-सीमा में उनके बैंक खाते में ऑनलाईन होने से अब उक्त वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह आसान हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने हाल ही में मंत्रालय, महानदी भवन से इन वर्गों के लगभग 2 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में 84.66 करोड़ रूपए की शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति ऑनलाईन अंतरित की है।

उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति ऑनलाईन भुगतान की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों पहली बार 10 जून 2025 को हुई। राज्य में संचालित सभी प्री. मैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों में प्रवेशित बच्चों को शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही शिष्यवृति की प्रथम किश्त राशि 77 करोड़ रूपए एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में अध्ययनरत छात्रों हेतु भोजन सहाय की प्रथम किश्त के रूप में राशि 8.93 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 85 करोड़ रूपए की राशि जारी कर एक अभिनव पहल की गई थी। इसके ठीक बाद दूसरे चरण में 17 जून 2025 को 8370 विद्यार्थियों को छात्रवृति की राशि 6.2 करोड़ रूपए का ऑनलाइन अंतरण किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों आश्रम-छात्रावासों के 1 लाख 86 हजार 50 विद्यार्थियों को शिष्यवृति की द्वितीय किश्त की राशि 79 करोड़ 27 लाख रूपए एवं पो. मैट्रिक छात्रवृत्ति के 12 हजार 142 विद्यार्थियों को 5 करोड़ 38 लाख 81 हजार रूपए उनके बैंक खातों में राशि अंतरित की गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शिक्षा को सबके लिए आसान बनाने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग तथा कमजोर वर्गों के छात्र-छात्राओं की शिक्षा चिंता की और उन्होंने आदिमजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम -छात्रावास में रहकर शिक्षा अध्ययन कर रहे के बच्चों के शिक्षा को आसान बनाने के लिए यह नयी पहल की है। आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम के नेतृत्व और विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणी बोरा के गहन प्रयासों से कमजोर वर्गों के विकास एवं उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने बिना रूकावट के शिक्षा ग्रहण हेतु सुविधा प्रदान करने का यह प्रयास सार्थक हो रहा है।

आदिम जाति कल्याण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा के प्रयासों से प्री. मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति तथा शिष्यवृत्ति भुगतान के लिए नयी व्यवस्था में माह जून, सितंबर, अक्टूबर एवं दिसंबर में विद्यार्थियों को अब ऑनलाईन भुगतान किया जा रहा है। इस पहल से विद्यार्थियों को शैक्षणिक अध्ययन के दौरान होने वाली आर्थिक समस्या से निजात मिली है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस नयी व्यवस्था से पूर्व विद्यार्थियों को दिसंबर एवं फरवरी-मार्च में वर्ष में एक बार छात्रवृति एवं शिष्यवृति की राशि प्रदान की जाती थी। दरअसल आश्रम छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी हो या यहां रहकर अध्ययन कर चुके विद्यार्थी हो अथवा आश्रम छात्रावासों में रहकर उच्च पदों में कार्य कर रहे विद्यार्थी क्यों न हो। वे समय पर स्कॉलरशिप नहीं मिलने के कारण की परेशानियों से भलीभांति वाकिफ हैं।

## सीईओ जिला पंचायत ने ली पीएम सूर्यघर योजना की बैठक

**कोरबा 24 अक्टूबर।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभागार में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक, वेंडर्स एवं सीएसईबी के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ श्री नाग ने बैठक के दौरान बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़ना है, इसलिए समयबद्ध तरीके से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों व बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया ताकि योजना का क्रियान्वयन तेजी और पारदर्शिता के साथ हो सके। बैठक में योजना के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष चर्चा हुई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए।बैठक में सीईओ श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ग्रामीणों के जीवन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

## महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**रायपुर, 24 अक्टूबर।** महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी गैस कनेक्शन जारी करने की मंजूरी दी गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के नियद नेल्लानार योजना में शामिल ग्रामों के बीपीएल परिवारों को प्राथमिकता से लाभ प्रदान किया जाएगा। खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों की बैठक लेकर योजना के पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार योजना के तहत पात्र 1.59 लाख माताओं-बहनों को उज्ज्वला कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने संबंधित अधिकारियों को चिन्हांकित ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त करने, लाभार्थियों का सत्यापन करने तथा गैस सुरक्षा संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री से पंजाब सरकार के मंत्रियों ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर, 24 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में पंजाब सरकार के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुण्डियन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने सौजन्य मुलाकात की।मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को 9वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, त्याग और मानवता के प्रति उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आयोजन में देशभर से श्रद्धालुओं, संत महात्माओं और विभिन्न राज्यों के गणमान्य नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंजाब सरकार के मंत्रियों द्वारा दिए गए आमंत्रण के लिए हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। मुलाकात के दौरान दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने अपने जीवन में धर्म, मानवता और समानता के जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## कर्ज नहीं घरेलू कलह और नशे की लत बनी आत्महत्या की वजह

**कोरबा 24 अक्टूबर ।** ग्राम खम्हरिया निवासी राजकुमार पिता इतवार सिंह की मौत के संबंध में जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि आत्महत्या का कारण आर्थिक या कर्जजनित नहीं था। तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन और परिवारजनों के कथन में यह बात सामने आई है कि मृतक राजकुमार की मृत्यु घरेलू कलह और नशे की लत के कारण हुई है। मृतक राजकुमार ने 21 अक्टूबर 2025 को कीटनाशक दवा का सेवन किया था, जिसके बाद उसे परिजन हरदीबाजार अस्पताल और फिर जिला अस्पताल कोरबा लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान रात लगभग 11.30 बजे उसकी मृत्यु हो गई। पत्नी राजकुमारी और पुत्र संजय सिंह उइके के बयान के अनुसार, मृतक राजकुमार रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और शराब का आदी था। वह प्रतिदिन नशे में घर आकर छोटी-छोटी बातों पर विवाद करता था। घटना के दिन भी शराब पीकर घर आने के बाद पति-पत्नी के बीच कहा-सुनी हुई थी, जिसके कुछ समय बाद राजकुमार ने कमरे में जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजनों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मृतक ने 3-4 वर्ष पूर्व मकान बनाया था, जिसके लिए गांव के एक व्यक्ति गोलू सोनी से लगभग 30-35 हजार रुपये उधार लिए थे। यह राशि फसल कटने के बाद लौटाने की योजना थी। हालांकि, उधार को लेकर किसी प्रकार का विवाद या दबाव नहीं था। पटवारी द्वारा प्रस्तुत पंचनामा और जांच प्रतिवेदन में भी यह उल्लेखित है कि मृतक का किसी से आर्थिक विवाद नहीं था तथा उसकी मृत्यु नशे की हालत में पारिवारिक विवाद के बाद हुई। मृतक की पत्नी और पुत्र ने किसी पर भी संदेह या आरोप नहीं लगाया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मृतक की आत्महत्या का कारण कर्ज का दबाव नहीं बल्कि पारिवारिक तनाव और नशे की लत रही है। तहसीलदार द्वारा समस्त प्रतिवेदन एवं गवाहों के कथन सहित रिपोर्ट एसडीएम पाली को प्रेषित की गई है।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



**रायपुर 24 अक्टूबर।** आगामी छठ महापर्व के मद्देनज़र पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शंकरघाट और गोधनपुर स्थित घाटों पर चल रही तैयारियों का बारीकी से जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों से घाटों की साफ़-सफ़ाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय तथा यातायात प्रबंधन जैसी आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। श्री अग्रवाल ने कहा कि छठ पूजा जन-आस्था का पवित्र पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु सूर्य उपासना के माध्यम से परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हैं। इसलिए सरकार की प्राथमिकता है कि इस पर्व का आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएँ, ताकि रात्रि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही जलस्तर और सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी दल तैनात किए जाने को भी कहा गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अंबिकापुर में छठ पर्व उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हो और श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें।

### प्रदेश गठन की 25वीं वर्षगांठ

## इस दौरान कोरबा ने उद्योंगों का बढ़ावा देने का काम किया

**कोरबा 24 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ वर्ष 2000 में विकास की एक नई यात्रा का प्रारंभ हुआ। इस यात्रा में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा ने बीते 25 वर्षों में स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। रजत जयंती वर्ष (2025) का अवसर उस विकास यात्रा का साक्षी है, जिसमें कोरबा जिले ने औद्योगिक और स्वरोजगार क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

**स्थापित उद्योगों की सशक्त वृद्धिः** कोरबा जो कभी सिर्फ ऊर्जा नगरी के नाम से जाना जाता था, आत्मनिर्भर भारत और मजबूत छत्तीसगढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा द्वारा स्वरोजगार और उद्योगों के क्षेत्र में क्रांति लाई। वर्ष 2000 के दौरान जिले में केवल 57 स्थापित उद्योग पंजीकृत थे। समय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शासन की उद्योग अनुकूल नीतियों के फलस्वरूप यह संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 391 उद्योगों तक पहुँच गई है। यह केवल आँकड़ा नहीं है, यह सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी, हजारों सपनों की उड़ान, और एक जिले की सामूहिक प्रगति की कहानी है। यह वृद्धि न केवल स्थानीय आर्थिक विकास को दर्शाती है, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायक रही है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम- स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम

वर्ष 2000 में इस योजना के अंतर्गत कोई भी लाभार्थी नहीं था, लेकिन वर्ष 2025 तक 451 हितग्राहियों को योजना के तहत बैंक ऋण के माध्यम से सहायता प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना (पीएमईजीपी)का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे अपने स्वयं के सूक्ष्म और लघु उद्योग स्थापित कर सकें। इससे न केवल आत्मनिर्भरता को बल मिला, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियाँ भी सशक्त हुईं।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से मिली खाद्य प्रसंस्करण में नई दिशाः** कोरबा की पहचान अब केवल कोयला और बिजली से बढ़कर खाद्य उत्पादों तक पहुँच गई है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना(पीएमएफएमई) के अंतर्गत राज्य गठन के समय हितग्राहियों की संख्या निरंक थी, वर्ष 2025 तक 30 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। इस योजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर पारंपरिक खाद्य उत्पादों को आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से बढ़ावा दिया गया। बैंक से ऋण सहायता और क्रेडिट लिंक्ड पूंजी अनुदान के माध्यम से इन इकाइयों की स्थापना हुई, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लघु खाद्य उद्योगों का विकास हुआ। विभाग की इन योजनाओं के जरिए आम लोगों की जिंदगी में बदलाव आया है।

# करंट से हाथी की मौत के मामले में 3 गिरफ्तार



**रायपुर, 24 अक्टूबर।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन विभाग ने तत्परता से रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत ग्राम केराखोल में एक मृत हाथी का मामला सुलझा लिया गया है। सूचना मिलते ही वनमंडलाधिकारी रायगढ़ के नेतृत्व में वन अमला तत्काल मौके पर पहुँचा और घटना स्थल का निरीक्षण करने पर प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हाथी की मृत्यु बिजली के तार की चपेट में आने से हुई है। स्थल पर जांच के दौरान तार, सूखे पत्ते, मिट्टी के निशान तथा संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। साथ ही मृत हाथी के पेट में घाव के निशान, जिसमें लगे हुए स्प्रेयर को भी जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने वन्य अपराध में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

आरोपियों ने बिजली के तार लगाकर जंगली जानवरों को मारने का किया प्रयास

वन विभाग की तीन सदस्यीय पशुचिकित्सा टीम ने मृत हाथी का पोस्टमार्टम किया। प्रारंभिक रिपोर्ट में मृत्यु का कारण विद्युत करंट बताया गया। घटना के बाद पुलिस विभाग को सूचित किया गया तथा तत्काल जांच शुरू की गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान तीन आरोपियों की पहचान हुई, जिसमें वीर सिंग मांझी पिता मेहत्तर मांझी आयु 28 वर्ष, ग्राम केराखोल, रामनाथ राठिया पिता महेश्वर राठिया आयु 42 वर्ष, ग्राम औराईमुड़ा और बसंत राठिया पिता ठाकुर राम राठिया आयु 40 वर्ष, ग्राम केराखोल शामिल है। पूछताछ में आरोपी वीर सिंग मांझी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर खेत की रखवाली के लिए बिजली के तार लगाकर जंगली जानवरों को मारने का प्रयास किया था। उसी दौरान हाथी करंट की चपेट में आ गया। आरोपियों ने तार और लोहे का सामान खुद खरीदा था।

### तीनों आरोपियों को वन अपराध के तहत गिरफ्तार

वन अपराध में लिप्त तीनों आरोपियों को वन अपराध के तहत गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 एवं 51 के अंतर्गत 20 अक्टूबर को अपराध दर्ज कर 21 अक्टूबर को तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए :कलेक्टर

**राजनांदगांव 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक आवेदन कराएं तथा इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से टीम वर्क में कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत 15 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाद्य विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय एवं सहयोग से टीम वर्क में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान खरीदी के दौरान अनियमितता पायी गई है, वहां कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिफ्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए तथा संवेदनशील केन्द्रों की जानकारी, कमांड एवं कंट्रोल टीम, बारदाना की उपलब्धता, कृषक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी के पहले डाटा एण्ट्री आपरेटर एवं अन्य कर्मचारी को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। ऐसे किसान जिनका पंजीयन तकनीकी दिक्कत के कारण नहीं हो सका है, उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कहा कि 2, 3 एवं 4 नवम्बर को जिले में राज्योत्सव का आयोजन स्टेट हाई स्कूल में किया जाएगा। सभी विभागों के स्टॉल में शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पेयजल, सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति, मंथली टेस्ट लेने, दसवीं के परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए कहा। बोर्ड परीक्षाओं की पढ़ाई एवं तैयारी की नियमित समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देते हुए कार्य करें। मातृमृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं से सभी एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ एवं वे स्वयं उनसे बात कर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेंगे। कलेक्टरसभी अधिकारी समय पर कार्यालय आएंगे तथा अनुशासन का पालन करेंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में कार्यों की मानिटरिंग के लिए अपर कलेक्टर को दायित्व सौंपा। उन्होंने अमृत मिशन, जल प्रदाय योजना, सिवरेज प्रोजेक्ट की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में प्रगति के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे आवास जो पूर्ण हो गए है, उसे हितग्राहियों को आबंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले को 5600 हितग्राहियों का लक्ष्य मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के आवेदन, फालोअप तथा यथाशीघ्र योजनांतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, खाद के उठाव, धान के बदले अन्य फसल की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि रबी अंतर्गत फसल विविधिकरण के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। किसानों को मक्का, मसूर एवं अन्य फसलों को लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी योजना के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पार्षद निधि से गौठान में रंगमंच एवं टीन शेड का निर्माण किया गया

**नगरी, 24 अक्टूबर ।** नगरी नगर पंचायत में प्राचीन धरोहरों को संजोने और नगर की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद श्रीमती जयंती टुकेश्वरी साहू द्वारा अपनी पार्षद निधि से अनुमानित लागत 300000 का निर्माण कार्य कराया जिनका प्रयास सराहनीय हैं। इस निर्माण कार्य से यह स्पष्ट झलकता है कि नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों की सोच नगर और नगरवासियों के प्रति कितनी संवेदनशील है। हमारी प्राचीन धरोहरों को सहेजकर रखने का उनका जज्बा और जुनून वाकई प्रशंसनीय है। केवल छह महीनों के भीतर नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों द्वारा गौठान के रंगमंच का सौंदर्यीकरण, टीन सेड का निर्माण तथा विद्युत व्यवस्था का कार्य कराकर एक प्रेरणादायक पहल की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रयास के लिए वे बधाई की पात्र हैं। गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम महोदया ने सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, नगर पंचायत की यह पूरी टीम प्रशंसा की पात्र है। भविष्य में भी इसी प्रकार नगर के विकास और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए ऐसे कार्य होते रहें, इसके लिए मेरा पूर्ण सहयोग सदैव रहेगा। भारतीय जनता पार्टी धमतरी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने भी समस्त जन प्रतिनिधियों एवं नगर वासियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में नगर व्यवस्था समिति द्वारा सभी पार्षदों का सम्मान किया गया तथा वार्ड पार्षद जयंती टुकेश्वरी साहू को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह प्रयास नगर के विकास, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और जनसहयोग की एक सुंदर मिसाल प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विकास बोहरा मिक्की गुप्ता नरेश पटेल विनीता कोठारी जयंती टुकेश्वरी साहू चेलेश्वरी साहू अलका साव डागेश्वरी साहू अश्वनी निषाद अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल शंकरदेव हरीश साहू एवं नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंदकुमार यादव ज्वाला प्रसाद साहू बृजलाल साहू नरेश छेदेया भारत लाल साहू सचिन भंसाली हेमू साहू लक्ष्मी गुप्ता रघुराम साहू नरेंद्र नाग अशोक पटेल सुरेश साहू अमृत साहू ओम प्रकाश साहू।

### रजत जयंती वर्ष पर जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन

**कोरबा 24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के उद्देश्य से राजीव गांधी ऑडिटोरियम, टी.पी. नगर, कोरबा में जिला स्तरीय किसान मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह मेला एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना, नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ना और टिकाऊ खेती की दिशा में प्रेरित करना रहा।

मेले में जिले के पाँचों विकासखण्डों से 503 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि उपकरण, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, पौध सामग्री, जैविक खाद एवं जैविक उत्पादों की जानकारी दी गई। किसानों ने इन स्टॉलों से नवीन तकनीकों के व्यावहारिक प्रयोगों को समझा और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल विविधीकरण, जैविक खाद निर्माण, कीट एवं व्याधि प्रबंधन, समन्वित पोषण प्रणाली, सिंचाई प्रबंधन और जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि बदलते जलवायु परिस्थितियों में टिकाऊ खेती और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखना भविष्य की जरूरत है, जिसके लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है। उन्होंने कहा कि आज खेती केवल परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान का विषय बन चुकी है, इसलिए प्रत्येक किसान को नई तकनीकें अपनानी चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ, जिससे उनकी आमदनी बढ़े और कृषि व्यवसाय को मजबूती मिले। इस अवसर पर जिले के उन्नतशील कृषकों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, ताकि अन्य किसान भी उनके अनुकरण से प्रेरणा ले सकें। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों तक तकनीकी जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा किसानों को जाल और उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधों का वितरण किया गया, जिससे किसान आत्मनिर्भर बनकर वैकल्पिक आजीविका के साधनों को भी अपनाएँ। इस पहल का उद्देश्य किसानों को बहुआयामी विकास की दिशा में अग्रसर करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले उनके ज्ञान में वृद्धि करते हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होती है।

### धान खरीदी के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण 24 अक्टूबर को

**राजनांदगांव 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर 2025 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दो पालियों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रथम पाली सुबह 10 बजे राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड तथा द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे छुरिया एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

# भव्य एवं गरिमामय ढंग से हो जिलास्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन : कलेक्टर




**बालोद, 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर पूरे राज्य में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्योत्सव समारोह के अंतर्गत बालोद जिले में जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, श्री अजय किशोर लकरा एवं श्री नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के अंतर्गत विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों के संबंध में भी जानकारी दी। श्रीमती मिश्रा ने राज्योत्सव स्थल में विभिन्न विभागों को प्रदर्शनी लगाकर अपने-अपने विभागों के उपलब्धियों एवं विकास कार्यों प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने समारोह में सभ्य, शालिन एवं गरिमामय ढंग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राज्योत्सव समारोह के अंतर्गत आमंत्रण पत्रों की छपाई एवं वितरण, निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था सहित अन्य सभी कार्यों को सुचारू रूप संपादित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने राज्य में 17 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 एवं 16 नवंबर को अवकाश होने के कारण इस वर्ष 17 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। श्रीमती मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को राज्य शासन का विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु की जा रही उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि को अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से किया घायल



**भाटापारा 24 अक्टूबर।** बीते गुरूवार की रात पूर्व न.पा.अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता ( मुन्ना) गुप्ता स्वीट्स हटरी बाजार के संचालक को अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया अचानक पीछे की ओर से हुए हमले मे सुनील गुप्ता के आंख और सिर मे छोटे आयीं है और उनका चश्मा भी इस हमले से टूट गया हटरीबाजार जैसे सघन व भीडभाड रहने वाले इलाके मे इस तरह खुलेआम हमला करने से आसपास रहवासी दुकानदार घटना से भयभीत हो गये है कि असामाजिक तत्व कभी भी किसी के साथ इस तरह का वारदात कर सकते है घटना रात 9:30 बजे की बतायी जा रही सुनील के छोटेभाई अनिल गुप्ता ने बताया की रोज की तरह दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे और दुकान के दो तरफ का शटर बंद कर मुख्य शटर को बंदकर ताला लगाने की तैयारी कर ही रहे थे कि पीछे की ओर से दो लोग आये और उनके उपर धारदार हथियार चाकू से हमला कर दिया अपने उपर हुए इस अप्रत्याशित हमले से सुनील हडबडा गये और और अपने बचाव मे अपने हाथ मे पकडे ताला से से हमलावरों को जोर झटका इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गये इसके बाद भी हमलावारो के द्वारा उनके उपर किये इस हमले से वे घायल हो गये उनके आंख के पास व सिर मे चोंटे आयीं हैं।घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए शहर टी.आई.प्रवीण मिंज ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पडताल शुरू की आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे से आरोपियों की पतासाजी की जा रही है वैसे तो हटरीबाजार का इलाका हमेशा चहलपहल रहता है किन्तु दीपावली त्योहार के चलते घटना वाले दिन रात मे इस इलाके मे सन्नाटा था हमलावरों की नियत क्या थी वे कौन से उद्देश्य को लेकर इस घटना को अंजाम दिया इसकी पडताल की जा रही है वही पुलिस संदिग्ध लोगो की तलाश कर घटना के तह तक आने मे जुटी हुई है।

## गोवर्धन पूजा के दौरान हुल्लड़ करने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव,24 अक्टूबर।** जिले की थाना बसंतपुर पुलिस ने गोवर्धन पूजा के दौरान हुल्लड करने वाले असामाजिक तत्वो के विरूद्व कार्यवाही की है वहीं लोगो चाकू दिखाकर भयभीत करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जेल भेजा गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर दीपावली पर्व को शांति एवं सौहद्र पूर्ण मनाये जाने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्त में विशेष अभियान के तहत् टीम गठित किया गया है। इसी कड़ी में आज दिनांक 16.10.2025 को जरिये सूचना प्राप्त हुआ कि सुरेश पटेल पिता बालाराम पटेल निवासी गौरीनगर राजनांदगांव एवं प्रदीप नेताम पिता स्व0 सेवाराम नेताम निवासी कैलाशनगर राजनांदगांव को मोहारा ओव्हर ब्रीज के नीचे अपने-अपने हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले आम जनता को डरा धमका रहा है। सूचना के आधार पर गठित टीम को मौके पर रवाना किया गया।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्धता एवं सक्रियतापूर्वक करें कार्य :कलेक्टर

**राजनांदगांव 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के अधिकारियों एवं बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना से जनमानस को लाभान्वित करने के लिए उन्हें अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना अंतर्गत पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्धता एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करें। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। बिजली की बचत होने पर तथा निःशुल्क बिजली मिलने पर इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। बिजली का बिल शून्य हो जाएगा और लोगों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि आवासीय कालोनी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसामान्य को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए तथा ऐसे वेंडर जो कार्य में लापरवाही करें, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वेंडर को छोटे स्तर तथा बड़े स्तर पर योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत पंजीयन तथा वेंडर सलेक्शन लगातार करने कहा। आवासीय परिसर में रूफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन है एवं आवेदक स्वयं वेंडर का चयन कर सकते है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक




**राजनांदगांव 24 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिले के ब्लैक स्पॉट, पार्किंग स्थल एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने पिछले 3 वर्षों के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सबसे लंबा है इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ने वाली सड़कों में स्पीड ब्रेकर और साईन बोर्ड बनाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हांकित स्थानों पर हाईमास्क लाईट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में घुमंतू पशुओं को गौशाला या पशु आश्रय स्थल में रखने कहा। उन्होंने शहर में होने वाले अतिक्रमण के संबंध में चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा गौधाम योजना शुरू की गई है। गांवों में गौधाम स्थापित किया जाएगा, जिसे ऐसे संस्थान को दिया जाएगा, जहां पशुओं की देख-रेख की जाएगी और उन्हें प्रति पशु के हिसाब से अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के 17 गौधाम स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने सड़कों पर मवेशी मिलने पर मवेशी मालिकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग से पशुओं को हटाने के साथ-साथ निकटतम गौशाला में छोड़ने कहा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में पर्याप्त मात्रा में लाईट लगाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। शहर में अव्यवस्थित विद्युत तार पोल एवं ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित तरीके से स्थापित करने के निर्देश दिए। शहर के चौक-चौराहों में पर्याप्त मात्रा में लाईटिंग और सड़कों के डिवाईडरों में रेडियम लगाने के निर्देश दिए। शहर में पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि दुर्घटना होने के बाद एम्बुलेंस द्वारा हास्पिटल पहुंचा दिया जाता है लेकिन इसका पंजीयन नहीं हो पाता है। ऐसे दुर्घटनाओं की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को संधारित करने के लिए कहा।

# एग्रीस्टेक व एकीकृत किसान पोर्टल से जुड़ेगा हर किसान

- **किसानों को मिलेगी सुविधा और सुरक्षा, छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू की धान पंजीयन प्रक्रिया**




**रायपुर 24 अक्टूबर।** किसानों के हितों की सुरक्षा और खरीदी व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में सुकमा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब राज्य के सभी धान उत्पादक किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल एवं भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल दोनों पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। यह व्यवस्था किसानों के लिए आधुनिक, पारदर्शी और सरल खरीदी प्रणाली स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है।कुछ विशेष वर्गों को एग्रीस्टेक पंजीयन से छूट, लेकिन एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नवा रायपुर ने स्पष्ट किया है कि आगामी विपणन वर्ष में केवल पंजीकृत किसानों से ही धान उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों को समय-सीमा के भीतर पंजीयन कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने यह भी निर्देश दिया है कि किसी भी किसान को कृषक पंजीयन में असुविधा न हो। विशेष परिस्थितियों में कुछ वर्गों जैसे संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन किसान (अधीया/रेगा), डुबान क्षेत्र के किसान, वन अधिकार पट्टा धारक एवं ग्राम कोटवार – को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन से अपवादस्वरूप मुक्त रखा गया है। लेकिन इन किसानों को केवल एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन करने पर भी धान खरीदी योजना का लाभ मिलेगा।सीएससी सेंटर और सहकारी समितियों में होगा कृषक पंजीयन किसानों की सुविधा के लिए शासन ने सीएससी सेंटर और नजदीकी कृषि सहकारी समिति स्तर पर ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भी आसानी से पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर सकें। छत्तीसगढ़ शासन का यह कदम किसानों की जानकारी को एकीकृत डाटाबेस में सुरक्षित रखने, फर्जीवाड़े पर रोक लगाने, तथा समर्थन मूल्य पर खरीदी की पारदर्शी प्रणाली लागू करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# राष्ट्रपति ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को प्रदान किया स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड




**बालोद, 24 अक्टूबर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में बालोद जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के चयनित 186 जनजातीय बहुल ग्रामों में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर एवं इन ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से शासकीय योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा जमीनी स्तर पर नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा जनजातीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सराहनीय प्रयास किया गया है। इसके अलावा इस दौरान जिले के चयनित सभी 186 गांवों में ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया गया। जिसके फलस्वरूप भारत सरकार के द्वारा बालोद जिले को स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। बालोद जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आज बालोद जिला प्रशासन द्वारा सयुंक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री विजय सिंह कंवर सहित एसडीएम श्री सुरेश साहू एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीडी मण्डले सहित इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की भूरी-भूरी सराहना करते हुए इसके प्रमुख सूत्रधार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री विजय सिंह कंवर सहित अन्य अधिकारियों के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। इसके लिए उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भाटापारा के द्वारा अधिकृत होकर तथा उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के आधार पर आम जनो के सूचनार्थ यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरा पक्षकार भारतीय बैंकिंग अधिनियम के अन्तर्गत एक निगमित निकाय है तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा अधिकृत होकर बैंकिंग व्यवसाय का संचालन भाटापारा में करता है। मेरा पक्षकार के द्वारा मेसर्स सचदेव पैकिंग भागीदारी फर्म भागीदार चिन्मय सचदेव, राहुल सचदेव, छायानिका सचदेव, चारू सचदेव को केश क्रेडिट ऋण एवं टर्म लोन के तहत ऋण सुविधा प्रदान की गई है जिसके ऋणा सुरक्षा हेतु उक्त फर्म के द्वारा अपने स्वयं के नाम की अचल संपत्ति जो कि ग्राम सूरजपुरा, प.ह.नं. 4, रा.नि.मं. तरेंगा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका कि खसरा नम्बर 462/2, 462/3 (संयुक्त नम्बर 462/4) एवं खसरा नम्बर 462/9, रकबा क्रमशः 0.0520 हे., 0.0950 हे. 0.1010 हे., 0.0180 हे., भूमि को बैंक के पक्ष में साम्यिक बंधक रखा हुआ है जिसके संबंध में उपरोक्त ऋण प्राप्तकर्ता के द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि के समस्त मूल दस्तावेज को बैंक में बंधक रखा गया है तथा ऋण प्राप्तकर्ता के द्वारा बैंक के पक्ष में समस्त ऋण दस्तावेज का निष्पादन किया जा चुका है ऋण प्राप्तकर्ता के द्वारा अपनी उक्त अचल संपत्ति को पाक वो साफतथा न्यायालयीन विवादरहित होना दर्शित किया गया है तथा किसी भी वित्त प्रदान करने वाली संस्था बैंक या कंपनी के पक्ष में बंधक नहीं होना दर्शित करते हुए तथा स्वयं को बंधक विलेख का निष्पादन बैंक के पक्ष में निष्पादित करने का अधिकार दर्शित करते हुए अपनी उपरोक्त अचल संपत्ति को बैंक के पक्ष में बंधक रखा गया है तथा वर्तमान में बंधक रखी हुई संपत्ति पर बैंक का प्रथम प्रभार स्थापित है। उपरोक्त संबंध में आम सूचना का प्रकाशन आम जनता के सूचनार्थ किया जा रहा है।

**सो सूचना जानें।**

दिनांक

**मनीष यादव**
**अधिवक्ता**
**सुभाष वार्ड, भाटापारा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**मो. नं. 98261-95586, 70008-38966**

### 29 को होगी रायपुर निगम सामान्य सभा की बैठक

# गौरवपथ-2 के निर्माण का रखा जाएगा प्रस्ताव, 15 पार्षदों ने लगाए सवाल

**रायपुर, 24 अक्टूबर।** रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को होने वाली है। इस बैठक में 16 एजेंडों पर चर्चा के बाद अंतिम मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है इस बार सबसे ज्यादा सवाल पार्षदों ने लगाए है। वहीं, बैठक में गौरवपथ-2 के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा जाएगा।

बता दें कि यह महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की बजट के बाद दूसरी सामान्य सभा होगी। सामान्य सभा की बैठक के पहले 27 और 28 अक्टूबर को दोनों दलों के पार्षदों के साथ भी बैठक रखी गई है।

निगम के सदन में भाजपा पार्षदों का बहुमत होने से बड़े हंगामे की संभावना कम मानी जा रही है, हालांकि पार्षद अपने-अपने वार्डों से जुड़ी पेयजल, सफाई, बिजली, रोड और नाली जैसी स्थानीय समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाएंगे।




### शुरुआत एक घंटे के प्रश्नकाल से होगी

सभापति सूर्यकांत राठौर ने बताया कि सामान्य सभा की शुरुआत एक घंटे के प्रश्नकाल से होगी। इस बार 14 से 15 पार्षदों ने अपने सवाल लगाए हैं। यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

### करोड़ों की लागत से बनेगा गौरवपथ-2

मुख्य प्रस्तावों में पचपेड़ी नाका से सीएसईबी चौक बूढ़ापारा तक गौरवपथ-2 का निर्माण शामिल है। यह सड़क 37.61 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ी और आधुनिक डिजाइन में विकसित की जाएगी। इससे शहर को नया स्वरूप और सुगम यातायात मिलेगा।

### सफाई के लिए अपनाया जाएगा इंदौर मॉडल

सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए इंदौर मॉडल अपनाने का प्रस्ताव भी एजेंडे में है। इसके तहत कचरा कलेक्शन वाहनों में जीपीएस आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे सफाई कार्य की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही रोड स्वीपिंग मशीनों की सेवा अवधि दो साल और बढ़ाने पर भी विचार होगा।

### बैठक से पहले दलवार बैठकें

सभापति सूर्यकांत राठौर ने बताया कि 27 और 28 अक्टूबर को दोनों दलों के पार्षदों के साथ अलग-अलग बैठकें होंगी। इसमें सभा की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही नए पार्षदों को नगर निगम अधिनियम की धाराओं और अनुशासनात्मक प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी, ताकि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके।

### 7 महीने में तीसरी सभा

बता दें कि महापौर चुने जाने के बाद मीनल चौबे के नेतृत्व में पहली सामान्य सभा बजट को लेकर हुई थी, जबकि दूसरी सभा एक देश, एक चुनाव विषय पर बुलाई गई थी। अब सात महीने बाद यह तीसरी सामान्य सभा होने जा रही है, जिसमें पार्षदों को अपने वार्ड की समस्याओं को सदन में उठाने का मौका मिलेगा।

# 400 करोड़ की चना खरीदी, नान ने फिर जारी किया टेण्डर

**रायपुर, 24 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में आदिवासी क्षेत्रों में चना वितरण को लेकर बुलाए गए ई-टेण्डर को लेकर एक बार फिर से कवायद शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने सभी भारत सरकार के- राज्य सरकार, सयुक्त उपकरमों तथा प्रशिक्षित फर्मों तथा प्रतिष्ठानों से 2025-26 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चना क्रय हेतु ई-ऑक्शन पुर्ननिविदा के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक के माध्यम से डिप्टी एजीएम (चना) द्वारा राज्य में आदिवासी जिले (माडा) में चना आपूर्ति की जाएगी। 55,890 मेट्रिक टन चना खरीदा जाएगा। इसकी शर्ते है एक किलो की पैकेजिंग होनी चाहिए। उसके पश्चात 50 किलों की पीपी बैग्स की आपूर्ति की जाएगी। इसको निर्धारित जिलों में गोदाम तथा वितरण केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा। राज्य में चना आपूर्ति के टेण्डर के लिए यह दूसरी बार पुनः निविदा आमंत्रित की गई है। इसकी शर्तोंको लेकर काफी विवाद गहराता जा रहा है। पिछले कई वर्षा से दिल्ली की एक संयुक्त उपकरम तथा एक जिले के प्रभावशाली परिवार के द्वारा यह ठेका लिया जाता रहा है।

# कार से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 24 अक्टूबर।** वीआईपी स्टेट शंकरनगर में खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर ने महंगे गिफ्ट एवं डीवीआर कैमरा पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरीशंकर श्रीवास 45 वर्ष वीआईपी स्टेट शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एनजेड 9997 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने कार के शीशा को तोड़कर महंगे गिफ्ट और डीवीआर कैमरा पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।





















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26